अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 211 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 26 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरुप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## 2022 विधानसभा चुनाव अयोध्या से लड़ सकते हैं सीएम योगी

### मौजूदा विधायक सीट छोड़ने को तैयार



**फैजाबाद (एजेंसी)।** 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सीएम योगी अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं। सीएम योगी के लिए अयोध्या के विधायक ने भी सीट छोड़ने की बात कही है। राजनीतिक गलियारों में इस तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। दरअसल रविवार को सीएम योगी के आगमन के दौरान अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सीएम योगी के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सवाल पूछा गया था। अयोध्या से सीएम योगी के चुनाव लड़ने के सवाल पर विधायक ने खुशी जता दी।

विधायक ने कहा था कि मुख्यमंत्री अगर अयोध्या से चुनाव लड़ते हैं तो वह उनके लिए अयोध्या की सीट छोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कहा था कि सीएम योगी का अयोध्या से चुनाव लड़ना अयोध्यावासियों के लिए गर्व की बात होगी। हालांकि बाद में उन्होंने कहा 2022 में कौन कहां से चुनाव लड़ेगा यह पार्टी तय करेगी। उन्होंने आगे कहा कि सीएम योगी अगर अयोध्या से चुनाव लड़ते हैं तो वह उनके लिए प्रचार करेंगे। सीएम योगी के अयोध्या से चुनाव लड़ने की अटकलों के चलते राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विपक्ष ने उनके चुनाव लड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी शुरू कर दी है।सीएम योगी ने 26 साल की उम्र में पहला चुनाव लड़ा था। सीएम योगी 1998 में पहली बार चुनाव जीतकर 12वीं लोकसभा के सबसे युवा सांसद बने थे। गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने वाले योगी आदित्यनाथ ने बहुत ही कम अंतर से चुनाव में जीत दर्ज की थी। लेकिन उसके बाद हर चुनाव में उनका जीत का अंतर बढ़ता गया। योगी आदित्यनाथ अब तक पांच बार गोरखपुर से सांसद चुने जा चुके हैं। अप्रैल 2002 में योगी आदित्यनाथ ने हिन्दू युवा वाहिनी बनाई। 2014 में योगी आदित्यनाथ दो लाख से ज्यादा वोटों से जीतकर संसद पहुंचे थे। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले बहुमत के बाद पार्टी ने योगी आदित्यनाथ को यूपी का सीएम घोषित किया। सीएम योगी भाजपा के स्टार-प्रचार के तौर पर पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु और हैदराबाद चुनावी रैलियां कर चुके हैं।

## कैसे जीतेंगे हम? देश में लोग घरेलू स्तर पर कोरोना से निपटने के लिए समक्ष नहीं: सर्वे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक नए सर्वे से पता चला है कि देश में कोरोना से निपटने के लिए शहरी गरीब और ग्रामीण आबादी की तैयारी का बहुत कम है। सर्वेक्षण में पाया गया है कि कई शहरी गरीब और ग्रामीण आबादी वाले परिवारों में बुनियादी चिकित्सा उपकरणों की कमी है।

10 राज्यों में जुलाई 2021 में किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि 7,116 परिवारों में से केवल 20 प्रतिशत के पास थर्मामीटर था और लगभग 50 प्रतिशत के पास बुखार, सिरदर्द जैसे लक्षणों के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध थीं। सर्वे में पाया गया कि सिर्फ 9 प्रतिशत घरों में ऑक्सीमीटर थे, जबकि 3 प्रतिशत घरों में ऑक्सीजन सिलेंडरों की पहुंच थी। इसके अलावा, केवल 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं को पता था कि कोविड लक्षण होने की स्थिति में पास की चिकित्सा आपूर्तिकर्ताओं / दुकानों का उपयोग किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, गुजरात, राजस्थान जैसे 10 राज्यों में लोगों को कोविड-19 वायरस के नए रूपों और संबंधित लक्षणों के बारे में काफी हद तक जानकारी नहीं है। उत्तरदाताओं को यह तक नहीं जानकारी थी कि कोविड पॉजिटिव मरीज को अस्पताल में कब भर्ती कराना है। हालांकि 88 प्रतिशत उत्तरदाता कोविड रोगियों के लिए होमकेयर के बारे में जानते हैं, साथ ही 70 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके पास पॉजिटिव परिवार के सदस्यों को अलग करने की व्यवस्था है।

## बंगाल बीजेपी में रार के बाद अब माफी के लिए तैयार हुए सौमित्र खान, कहा- फेसबुक पर बयान देकर मैंने गलती की





**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष सौमित्र खान ने सोशल मीडिया पर पार्टी नेता शुभेंदु अधिकारी और दिलीप घोष के प्रति नाराजगी जताने के कई बाद दिन रविवार को अपनी टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी की पेशकश की और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ और मजबूती से आंदोलन चलाने का संकल्प लिया।

विष्णुपुर से सांसद खान ने रविवार को पार्टी की युवा इकाई की बैठक में कहा, 'फेसबुक पर दिया गया बयान मेरी ओर से बड़ी गलती थी। इसलिए मैं माफी की पेशकश करता हूं और आप से माफी चाहता हूं। मुझे सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। गौरतलब है कि रविवार को सौमित्र और घोष अगल-बगल बैठे और हंसी-मजाक करते नजर आए। घोष ने बाद में पत्रकारों से कहा, "सौमित्र भावुक व्यक्ति हैं। मेरे मन में उनके लिए कोई द्वेष नहीं है। वह युवा मोर्चा का नेतृत्व करते रहेंगे।बता दें कि सौमित्र खान की ओर से सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जताए जाने की शिकायत पार्टी हाईकमान से भी हुई है। इस महीने के दूसरे हफ्ते में पार्टी के कुछ नेताओं के मतभेद के बीच बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप घोष दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और उन्होंने कम से कम दो सांसदों के खिलाफ अनुशासन हीनता के आरोप लगाए थे। तब जेपी नड्डा के आवास पर हुए चर्चा से अवगत नेताओं ने कहा था कि घोष ने शिकायत की है।

## झारखंड सरकार गिराने के लिए 3 विधायकों से हुई थी 1 करोड़ की डील, गिरफ्तार आरोपियों ने किया खुलासा



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश में गिरफ्तार आरोपियों ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि साजिश में झारखंड के तीन विधायक, दो पत्रकार व बिचौलिए शामिल थे।

दिल्ली में तीनों विधायकों से लेनदेन की डील भी हुई थी। एक करोड़ एडवांस का वादा भी किया गया था, नहीं देने पर विधायक रांची लौट गए थे। डील में महाराष्ट्र के दो नेता चंद्रशेखर राव बावनकुले और चरण सिंह शामिल थे। गिरफ्तार अभिषेक , अमित व निवारण ने दोनों को महाराष्ट्र का भाजपा विधायक बताया था लेकिन वहां के विधायकों की सूची में इनका नाम नहीं है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि इसी मामले में अमित ने 15 जुलाई को इंडिगो का टिकट भेजा था। महाराष्ट्र के एक नेता जयकुमार वानखेड़े ने इसकी बुकिंग कर अमित सिंह को भेजा था। अभिषेक ने बताया है कि 15 जुलाई को दिल्ली पहुंचने पर वहां एयरपोर्ट पर दो एसयूवी लगी हुई थी। एक से तीनों स्थानीय विधायक होटल में गए। बाकी तीनों को जयकुमार का गार्ड अभिषेक दूबे लेकर होटल पहुंचा। यहां चंद्रशेखर राव बावनकुले और चरण सिंह पहुंचे।

वे यहां से तीनों स्थानीय विधायकों को लेकर एक गाड़ी में, जबकि अन्य लोग दूसरी गाड़ी से कई बड़े नेताओं के आवास पर गए। यहां तकरीबन पंद्रह मिनट की मुलाकात के बाद राज्य के तीनों विधायक झारखंड भवन लौट आए। अभिषेक ने बताया है कि 16 जुलाई को भी तीनों स्थानीय विधायक दिल्ली में बड़े नेताओं से मिले। उन्हें एक करोड़ एडवांस देने का वादा किया गया था, लेकिन एडवांस नहीं मिलने पर वे नाराज हो गए और उसी दिन दोपहर 2.30 बजे की फ्लाइट से रांची लौट गए। 21 जुलाई को वानखड़े अपने साथ मोहित को रांची लाए : गिरफ्तार आरोपियों के मुताबिक, दिल्ली से लौटने के बाद भी जयप्रकाश वानखड़े लगातार विधायकों व उनसे संपर्क में रहे।

## बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आज से, विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को सरकार ने कसी कमर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से आरंभ होगा। पांच दिन के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को बजट सत्र के बाद राज्यपाल द्वारा पारित अध्यादेश की जानकारी सदन में रखी जाएगी और सभाध्यक्ष का संबोधन होगा। 2021-22 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन पटल पर रखा जाएगा और दिवंगत विधायकों, पूर्व विधायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। वहीं विधानमंडल के मानसून सत्र में विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को सरकार ने अपनी तैयारी कर ली है। सभी मंत्री अपने-अपने विभाग से संबंधित हर मामले को लेकर अपडेट हो गए हैं।

## ओवैसी ने रखी शर्त : यूपी में मुस्लिम डिप्टी सीएम बनाएं तो सपा से हो सकता है गठबंधन



**लखनऊ (एजेंसी)।** सांसद असदुद्दीन ऑवैसी के नेतृत्व वाली आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-ए-मुसलमीन (एआईएमआईएम) ने समाजवादी पार्टी के साथ चुनावी समझौते के लिए शर्त रखी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी भागीदारी मोर्चे के किसी वरिष्ठ मुस्लिम एमएलए को उपमुख्यमंत्री बनाने को तैयार हो तो उसके साथ चुनावी गठबंधन हो सकता है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद असदउद्दीन ओवैसी अगस्त की शुरूआत में एक बार फिर प्रदेश में होंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ओवैसी अभी कुछ ही दिन पहले मुरादाबाद व आसपास के इलाकों में पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिले और संगठन को मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति पर विचार किया था।

## मां ने अपने मासूम दो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मां बेटी की मौत, बच्चा बचा

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** इलाके के इरादतगंज ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर रीवा की तरफ जा रही ट्रेन के आगे एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को लेकर आत्महया करने के लिए छलांग लगा दी जिससे मौक़े पर ही मां और बेटी की मौत हो गई। जबकि बच्चा बाल बाल बच गया। घटना देख आस पास के लोगों की भीड़ लग गई।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव की शिनाख्त करने के बाद दोनो शव को पीएम के लिए भेजा।

जूही शंकरगढ़ निवासी पिंटू जायसवाल चार वर्ष पूर्व से नैनी के चाका में किराए का कमरा लेकर अपनी पतनी रीता जायसवाल 28 वर्ष और बेटा हर्ष 12 वर्ष व बेटी कोमल 8 वर्ष के साथ रहता है। पिंटू जायसवाल फतेहपुर के बिंदकी मे शराब के ठेके की दुकान पर नौकरी करता है। विगत एक माह से बिंदकी शराब की दुकान ही गया था। रविवार के सायंकाल रीता जायसवाल अपने बेटे हर्ष और बेटी कोमल के साथ घूरपुर के इरादतगंज ओवर ब्रिज के नीचे मुंबई रेलवे ट्रैक पर पहुंची।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की महिला अपने दोनों बच्चों के साथ ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक के पास चबूतरे पर अपने दोनों बच्चों के साथ बैठी थी। कि शहर से रीवा की तरफ जा रही ट्रेन के आते ही अपने दोनो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे मां और बेटी की मौत हो गई और बच्चा बाल बाल बच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर दोनों शव को पीएम के लिए भेजा। हर्ष कक्षा 6 का और कोमल कक्षा तीन की छात्रा थी।

**हांथ से छूटते ही मौके से भाग निकला था मासूम बच्चा::**



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की महिला अपने दोनों बच्चों का दबोच ट्रेन के आगे छलांग लगाते समय बेटा हर्ष अचानक छूट गया। छूटते ही बच्चा रेलवे ट्रैक के बाहर चीखते हुए भाग निकला था। जिससे उसकी जान बच गई। बच्चा इतना डरा सहमा था कि वह कुछ बोल नहीं रहा था। सिर्फ. वह चाका बता रहा था। तो उसे युवक महेश यादव ने चाका लेकर उसके घर पहुंचा तो परिजनों को जानकारी हुई। तो परिजनो में कोहराम मच गया।

**मासूम बच्चों को नही मालूम था कि मां हम दोनों सहित आत्महत्या करेगी::**

हर्ष ने बताया कि मा हम दोनों को घुमाने के बहाने लेकर आई थी थोड़ा भी आत्महत्या करने की भनक नहीं लगी ट्रेन आते ही हम दोनो का हाथ जोर से पकड़ ट्रेन के सामने दौड़ी तो हमारा हाथ छूट गया और मैं ट्रेन से बचन के लिए भाग निकला।

**मृतका की बहन बोली रीता जिद्दी और बिमार थी::**

मृतका रीता की छोटी बहन रूपा जो चाका मे ही रहती थी वह घटना स्थल पर पहुंची। तो पुलिस से बताया कि रीता जिद्दी स्वभाव की थी और बीमार भी थी फूंक झाड़ मे विश्वास करती थी। भूत प्रेत का भी चक्कर था। जिससे वह बच्चों सहित आत्महत्या करने पहुंच आत्महत्या की। फिलहाल मामला संदिग्ध लग रहा है। मौत के मुंह से बचा हर्ष पुलिस से कुछ बताने वाला ही था कि उसकी मौसी रूपा ने उसे रोक दिया। यह देख लोग सकते मे आ गए। बताया गया की मृतका की एक बहन मामा भांजा तालाब नैनी मे भी रहती है। दोनो बहने घटना स्थल पर पहुंची थी।

**बहन रूपा के चेहरे पर रीता की मौत का नहीं दिखा शिकन::**

घटना स्थल पर पहुंची दोनो बहनों के साथ उसके परिजनो मे जहां रीता और उसकी बेटी की मौत से गमगीन दिखी और एक बहन रोते बिलखते गिर गई वहीं रूपा के चेहरे पर बड़ी बहन व बेटी की मौत का कोई ग़म और शिकन नही दिखा। अब रीता के बच्चो सहित आत्महत्या करने की असली वजह क्या है। ये जांच के बाद ही पता चलेगा।

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK
PAN-AAFTM3349D
Reg. No.: 1/2014
मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यल्य : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com



केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142
स्थापना वर्ष – 2021
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
अश्वगंधा
अकरकरा
प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर



निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा
सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त।
पता: एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबर: 9793403230, 9335128224

# ग्रामीण अचंल

## आरएसएस की गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने ध्वज प्रणाम कर समर्पित की निधि

### धूमधाम से मना गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय लोगों और संघ के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और परमपूज्य भगवाध्वज को प्रणाम कर निधि का अर्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रमेश, अध्यक्ष बृजेश सिंह, मुख्य शिक्षक दीपक एवं कार्यक्रम का आयोजन खंड कार्यवाह नरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद् शंकरगढ़ के नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार केसरवानी द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया।




मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रमेश ने बताया कि संघ में भगवा ध्वज ही सर्वश्रेष्ठ है। इसे गुरु का स्थान प्राप्त है। कहा कि इसे गुरु का दर्जा इसलिए दिया गया है, क्योंकि मनुष्य स्खलन शील है। मनुष्य के अंदर कुछ न कुछ कमियां अवश्य रहती हैं, इसीलिए परम पूज्य भगवा ध्वज को अनंत काल तक गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष बृजेश सिंह के द्वारा हिंदुत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि जब धरती पर कोई अन्य धर्म नहीं था, तब हमारा सनातन हिंदू धर्म सदैव रहा है। कोई धर्म 2000 साल पुराना है कोई 1500 साल पुराना है, परंतु हमारा हिंदू धर्म अनंत काल से है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक गुलाब सिंह, खंड कार्यवाह नरेंद्र कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, सुजीत केसरवानी, रामानुज गुप्ता, सुनील केसरवानी, मसुरियादीन वर्मा, सोमनाथ वर्मा, दीपक, जय केसरवानी, राजेंद्र सिंह वकील साहब, डॉक्टर प्रेमचंद गुप्ता, महेश, उमा वर्मा, विनोद कुमार, अखिलेश पटेल, मुकेश पाठक एवं अन्य देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर निधि अर्पण कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चौकी इंचार्ज सिकंदरा ने स्मैक के साथ युवक को धर दबोचा

**सिकंदरा।** सिकंदरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत अहिराई गांव में मुखबिर की खास सूचना पर सिकंदरा पुलिस ने एक युवक को इस मैच के साथ धर दबोचा। चौकी इंचार्ज सिकंदरा सुभनाथ साहनी को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की अहिराई गांव में एक युवक सरकारी शराब की दुकान पर इसमें बेच रहा है। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सिकंदरा हमराही अमरनाथ जावेद अहमद व नंदलाल के साथ उस युवक को धर दबोचा लिया। जिसके पास से तलाशी लेने पर 6.330 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुआ। पूछे जाने पर युवक ने अपना नाम श्याम विशाल ओझा उर्फ सेलू पुत्र स्वर्गी जगननथ ओझा निवासी बकसेडा॰ बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ विभिनन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## चार अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को ले कर मार पीट कई घायल एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के अन्यर्गत चार अलग अलग गांवों में जमीनी और पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट के दौरान कई घायल हुए हैं। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।

मऊआइमा के ग्राम मरखामऊ(नईबाजार) निवासी अरशद अली पुत्र मोहम्मद हनीफ का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी लाठी डंडे से हमला कर करके परिवार के रैफुन निशां ,नशरत को मार पीट कर घायल कर दिए । जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अरशद अली ने मऊआइमा थाने में फिरोज अहमद ,सबरोज अहमद ,वकील अहमद ,मोहम्मद एखलाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर ग्राम तिलक का पूरा निवासनीय आशमा बेगम पतनी बदरूद्दीन का आरोप है कि उसके पुत्र के ससुराल वाले जिनसे विवाद चल रहा है । अचानक घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए घर में तोड फोड किए ।

आशमा बेगम ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद जुबैन ,मोनू ,जावेद ,मदीना ,खुर्शीदा तथा दो अज्ञेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है । उधर ग्राम चकफातमा उर्फ माधोपुर निवासनीय नितू मौर्या पतनी राजीव कुमार मौर्या का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई । नितू मौर्या ने मऊआइमा थाने में रवीन्द्र मौर्या ,रिक्की मौर्या ,राजीव कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है ।उधर ग्राम बांकाजलालपुर निवासी अजय कुमार पुत्र स्वर्गीय जगेश्वर का आरोप है कि राजत कुमार तथा एक अन्य अचानक ग्राम सुलतानपुर खास से आ कर मारे पीटे और घायल कर दिए । अजय कुमार ने मऊआइमा थाने में राजत कुमार तथा एक अन्य निवासी ग्राम सुलतानपुर खास के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।



## बबुरा में नि :शुल्क नेत्र शिविर में 346 मरीजों ने कराई जांच

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत बबुरा नटका मे स्थित व्ख्ए में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम सभा बबुरा के प्रधान निर्मल कुमार सिंह के सौजन्य से रीति आय केयर अस्पताल के कुशल चिकित्सकों के द्वारा गांव के कुल 346 मरीजों की आंख के रोगियों का इलाज किया गया। और निःशुल्क दवाएं दी गई ,जिसमें आँख के मरीजों को मोतियाबिंद जैसी रोगियों को आपरेशन के लिए सलाम दीगई और मरीजों को चस्मा दिया गया शिविर के आयोजक डाक्टर .आनन्द कुमार यादव तथा व्यवस्थापक शिव लखन की देख रेख में आयोजित किया गया। शिविर में डाक्टर रमेश शुक्ला, डा, अभिषेक सिंह, डाक्टर अभिषेक अग्रवाल, डा, प्रिन्स अग्रवाल, डा अंजलि सिंह के कुशल चिकित्सक की उपस्थिति में जांच की गयी । अन्य गणमान व्यक्तियों मे ,कृष्ण देव सिंह,राम सजीवन सिंह,अनिल कुमार सिंह,शमशेर सिंह,कन्हैया लाल यादव,आदि का शिविर में सराहनीय योगदान रहा।



## कोरोना काल के बाद लोगो का आयुर्वेद की ओर रूझान

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** कोरोना काल के बाद से जहां लोगों का रुझान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ओर तेजी से अग्रसर हुआ है। वही अंग्रेजी दवाओं की अपेक्षा लोग आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन ज्यादा करने में लगे हुए हैं। अगर देखा जाए तो ग्रामीण अंचलों में संचालित हो रहे राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में जहां कभी पूरे दिन एक भी मरीज नहीं जाया करते थे, वही अब हर दिन दर्जनों की संख्या में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीज अपना इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

वही कौंधियारा विकास खंड में संचालित हो रहे राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मवैया में नियुक्त चिकित्सक रवि सिंह के द्वारा बताया गया कि कोरोना काल के बाद से लोगों का रुझान आयुर्वेद की तरफ कुछ ज्यादा ही हुआ है। जिसके कारण लोग अब आयुर्वेदिक दवाओं पर विश्वास करते हुए अपना इलाज करा रहे हैं। जबकि आयुर्वेद में हर प्रकार की बीमारियों का इलाज है जिन्हें आयुर्वेद में कई प्रकार की जड़ी बूटियों के मिश्रण से तैयार करके अलग-अलग बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। यह चिकित्सा पद्धति प्राचीन काल से चली आ रही है वही लोग अब एक बार फिर से आयुर्वेद की तरफ अपना विश्वास रखते हुए आयुर्वेदिक दवाओं से अपनी बीमारियों को ठीक कर रहे हैं।

## एक ही मंडप के नीचे एक दूजे के हुए 51 जोड़े





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ में रविवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 51 जोड़ों का एक साथ विवाह संपनन्न करवाया गया।मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉ अजय कुमार, ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी,प्रयागराज सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय की मौजूदगी में सरकार की तरफ से सभी जोड़ों को नवजीवन की बधाई देने के साथ सरकार की तरफ से उपहार भी प्रदान किया गया।

शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक साथ 51 लोगों की शादी करवाई गई। जिसमें विकास खंड शंकरगढ़ के कुल 47 जोड़े जबकि जसरा से आये 4 जोड़ों की शादी करवाई गई। सामूहिक विवाह समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण का पाठ व हवन के साथ विधिवत विवाह संपनन्न कराया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, सभासद सुधा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, प्रधान परमेश्वर सिंह समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने सभी को नवजीवन की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। एडीओ समाज कल्याण गजराज सिंह ने बताया कि सभी जोड़ों को सरकार की तरफ से 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। जिसमें से 35 -35 हजार सभी के खाते में, छह-छह हजार रुपया खाने आदि की व्यवस्था में जबकि दस हजार रुपये का उपहार भी प्रदान किया गया।इसके बाद विवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर विदा किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत दीपेश सिंह, एडीओ आईएसबी धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, प्रधान शैलेन्द्र सिंह, परमेश्वर सिंह,मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल,मंगलेश सिंह,उमा वर्मा,शालिनी श्रीवास्तव, दुदुन त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेन्द्र कुमार मौर्य,गौरीशंकर, प्रेमचंद्र सिंह,विजय राज,आशीष कुमार व तमाम कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## शासन के द्वारा प्रतिबधित पॉलीथन का बाजारो में खुलेआम हो रहा प्रयोग

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** शासन के द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का बाजारों में खुलेआम हो रहा प्रयोग। नहीं जा रहा इस तरफ प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान, अगर देखा जाए तो सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जहां दुकानदारों के द्वारा प्रयोग की जाने वाली पॉलिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि इस पॉलिथीन से सबसे ज्यादा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है वही पॉलीथिन के प्रयोग के बाद घरों के बाहर फेंकी जाने वाली इस पॉलिथीन को जहां मवेशी भी खा रहे हैं। वही नालियों में फेंके जाने के कारण यह जल निकासी के रास्तों को ही बंद कर दे रही है इन सब तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए जहां सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगाई है। लेकिन उसके बावजूद भी प्रतिबंधित पॉलीथिन को बाजारों में खुलेआम प्रयोग में लाई जा रही है। अगर देखा जाए तो किराना, फल, सब्जी, कपड़े की दुकान, कॉस्मेटिक की दुकानों पर इन प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग खुलेआम हो रहा है लेकिन इस तरफ प्रशासनिक अधिकारियों का तनिक भी ध्यान नहीं जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों में कुछ लोग प्रतिबंधित पॉलीथिन का व्यवसाय करने में लगे हुए हैं और उनके पास पर्याप्त मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन का भंडारा किया गया है जो बाजारों में फुटकर व्यवसायियों को यह पॉलिथीन बेचते हैं।

## सीएचसी शंकरगढ़ में एंबुलेंस खड़ी कर कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

### एबुलेंस कर्मचारी संघ ने मांगा समायोजन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** एंबुलेंस सेवा 102 और 108 के कर्मचारियों ने रविवार को अपनी विभिनन्न मांगों को लेकर हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में जुटे कर्मचारियों ने कहा कि उनसे एक स्वास्थ्य कर्मचारी की भांति काम लिया जाता है, लेकिन मानदेय भी समय से नहीं मिल पाता। दिन-रात शोषण किया जाता है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल सुनवाई नहीं की जाती तो वह 26 जुलाई से कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे।



एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले सीएचसी शंकरगढ़ परिसर में जुटे कमिन्यों ने कहा कि 102, 108 एंबुलेंस सेवा सरकारी है, लेकिन उनसे ठेका प्रथा के तहत काम लिया जाता है। सभी ने एएलएस कमिन्यों का तत्काल समायोजन, एंबुलेंस वर्करों की नौकरी सुरक्षित करने, एनएचएम में शामिल करने, समान कार्य का समान वेतन देने, कोरोना काल में काल कवलित हुए कमिन्यों के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की।कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर अमल नहीं किया जाता तो वह 26 जुलाई से कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर अंतिम सिंह, विनोद कुमार, सर्दन सिंह, महेश कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अरुण पाठक, वीर प्रकाश, अभिषेक, राजू साहनी, सुजीत कुमार, विनोद कुमार, नागेंद्र पाल, रामभवन, रामदयाल आदि मौजूद रहे।



## प्रतापपुर में राष्ट्रीय किसान मंच का सदस्यता अभियान जोरों पर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।**राष्ट्रीय किसान मंच की विधानसभा चुनावी घोषणा के बाद प्रदेश के अधिकतर जिलों में सदस्यता अभियान ज़ोरों पर है।उत्तर प्रदेश के ज.िला प्रयागराज में भी राजेश मौर्या की अध्यक्षता में निरंतर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज राजपुर ग्रामसभा में सदस्यीय अभियान चलाया गया।जिसमें सोनू मौर्या, रामलोचन मौर्या, मुकेश मिश्रा, संतोष मौर्या समेत अन्य साथीगण मौजूद रहे।यह जानकारी पवन दुबे ने दिया है।

## अब मछली चमकाएगी किसानों की किस्मत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मछुआरों के साथ किसानों की भी किस्मत मछली पालन पालन के जरिए चमकेगी । योजना के तहत किसानों से आवेदन मांगे जा रहे हैं किसानों के निजी भूमि पर तालाब का निर्माण करवा कर विभाग मत्स्य पालन करवाएगा । जिसमें विभाग की ओर से 40 से 60इ् तक अनुदान की व्यवस्था की गई है । योजना के अंतर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत कार्य किया जाएगा 31 जुलाई तक आवेदन करने की अंतिम तिथि मांगी गई है । मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस आर यादव ने बताया कि किसानों की आय दोगुना करने के लिए विभाग कार्य कर रहा है मांगे गए आवेदन में किसानों को थ्री व्हीलर विद आइस बॉक्स , कियोस्क निर्माण योजना, बायो फ्लॉक सिस्टम, निजी भूमि पर तालाब निर्माण, भी शामिल है । मछली पालन के लिए बायो फ्लाक के टैंक बनवाए जाएंगे इसके अलावा रिसर्कुलर सिस्टम लगाए जाएंगे जिसमें किसान व मछली पालकों के लिए आमदनी कई गुना बढ़ जाएगी। मत्स्य इंस्पेक्टर इरफान उल्ला खां ने कहा कि मछली पालन करने वाले लाभार्थियों को साइकिल आइस बॉक्स के लिए दस दस हजार रुपए दिए जाएंगे जिसके बाद कुल्फी की तर्ज पर मत्स्य पालक गांव गांव घूम-घूम कर मछलिया बेचेंगे । इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार ने मछली पालन को बढ़ावा दिया है । इसके लिए मत्स्य संपदा योजना शुरू की गई है जिसे पूरे देश में लागू किया गया है मत्स्य पालक मछली बेचने वाले स्वयं सहायता समूह मत्स्य उद्यमी फिश फार्मर योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं ।



## नहरों में पानी का टोटा,सूखे धान के फसल

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** क्षेत्र के नहरों में पानी न आने के कारण किसानों की गाढ़ी कमाई का जरिया रहा धान की खेती चौपट होती दिखाई दे रही है। रात दिन किसान एक करके जहाँ धान के बेहन की रखवाली किया,वहीं बिना नहर में पानी के खेतों में बेहन सूख रहे हैं। क्षेत्र के तातारगंज, पचखरा, परसरा, छिड़िया, पांडर,दौना मरुआ समेत चार दर्जन गांवों के ज्यादातर किसान खेत की रोपाई तो किसी तरह कर लिया, लेकिन बिना पानी के धान की फसल चौपट हो रही है। वहीं कुछ किसान नहर में पानी न होने के कारण खेत में रोपाई नहीं करा सके हैं। बताते चलें कि सन् 1975 के लगभग में उस समय प्रदेश के मुखिया रहे स्व0हेमवती नंदन बहुगुणा ने कमला पंप नहर की पडुआ में स्थापना करवा कर बारा क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर हरियाली लाने का कार्य किया था। आज उन्हीं की बेटी प्रयागराज की सांसद डा0रीता बहुगुणा जोशी हैं। लेकिन आज का किसान नहर में पानी न होने के कारण अपने क्षेत्र की सांसद महोदया को कोश रहा है कि क्या थे स्व0 बहुगुणा जी और क्या आज हमारी सांसद जी हैं । जो किसानों को नहर में पानी भी नहीं दिला पा रही हैं।

1- यमुना नदी में लेफा के कारण नहीं मिल रहा पानी कुछ जानकारों ने बताया कि जहां पानी होना चाहिए वहां मिट्टी व बालू का लेफा इकट्ठा हो गया है। जिससे पडुआ में लगी मशीन पानी नहीं इकट्ठा कर पा रहा है। जिसके कारण नहरों में पानी नहीं जा रहा है। जब तक सरकार द्वारा इस जमे हुए लेफा को साफ नहीं कराया जाएगा,तब तक नहरें सूखी रहेंगी और किसान पानी के लिए तरसता ही रह जायेगा।

2- प्रयागराज पावर जनरेशन लि0 कम्पनी में आ रहा है यमुना का पानी बता दें कि जब तक लोहगरा का प्रयागराज पावर जनरेशन कम्पनी नहीं लगा था। तब तक किसानों की बांछें खिली हुई थी। लेकिन जब से इस कम्पनी में यमुना नदी से पानी आने लगा, तबसे किसानों की खेती बिना पानी के चौपट हो रही है।

## विकासखंड सहसों के भवन हेतु थानापुर मे जमीन चिन्हित,शीघ्र ही होगा शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** नवसृजित ब्लॉक सहसों के भवन के लिए शनिवार को क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने विकासखंड सहसों के अंतर्गत थानापुर ग्राम सभा में राजस्व टीम व अधिकारीयों द्वारा चिन्हित की गई जमीन का निरीक्षण किया।

ज्ञातव्य हो कि विकासखंड सहसों का कार्यालय भोपतपुर स्थित पंचायत भवन में अस्थाई रूप से संचालित किया जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपनन्न होने के पश्चात विकासखंड भवन निर्माण के लिए जमीन की तलाश तेजी से शुरु हो गई। इसी क्रम में विकासखंड सहसों के अंतर्गत ग्रामसभा थानापुर में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल , जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी कविता तिवारी, प्रभारी वीडियो निखिल मोहन, राजस्व विभाग द्वारा चिन्ह अंकित जमीन कर निरीक्षण किया तथा विकास खंड के लिए पर्याप्त जमीन होने के संकेत के साथ शीघ्र ही विकासखंड के भवन निर्माण के लिए हरी झंडी की उम्मीद है। क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने कहा कि आज यानी शनिवार को जमीन चिन्हांकन कराकर जेसीबी द्वारा उसकी मेड़बंदी करा दी गई है शीघ्र ही भवन निर्माण का कार्य शासन द्वारा स्वीकृत लेते हुए प्रारंभ करा दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रधान प्रतिनिधि थानापुर संजय सिंह, पिंटू दुबे ,शिव नारायण सिंह गप्प, प्रधान बगई कला प्रताप बहादुर सिंह,टी एन सिंह, ए ई अनिल पाण्डेय,जे ई रवि मौर्य आदि रहे।

### डीएम साहब,एक नजर इधर भी

## तूफान से टूटे पोल को दस वर्ष बीतने के बावजूद भी नही बदल जा सका,आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा (प्रयागराज)** केन्द्र व प्रदेश सरकार एक तरफ बिजली की समस्या को लेकर आदेश जारी किया है कि जर्जर हालत में तार व टूटे पोल को जल्द से जल्द विधुत विभाग के अधिकारी दुरुस्त कराए जिससे उपभोक्ताओं को बिजली से निजात मिल सके।किन्तु जिम्मेदार अधिकारी के बदौलत कोरांव क्षेत्र में आधी तूफान के कारण बिजली के पोल टूट गए थे जोकि दस वर्ष से बीतने के बावजूद भी आजतक टूटे हुए पोल को नही बदला जा सका।ग्रामीणों ने कई बार तहसील दिवस व कम्प्लेन नम्बर पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार के अधिकारी टरकाते चले आ रहे हैं।

ऐसा मामला तहसील क्षेत्र कोरांव के लखनपुर गाँव के राजेश कुमार ने शिकायत दर्ज की गाँव में विधुतीकरण की सप्लाई हुई थी और गांव में जलती थी।किन्तु आँधी तूफान के कारण लगे हुए बिजली के पोल कुछ टूट गया था ।लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज भी टूटे हुए पोल को सही नही कराया गया ।जिसके कारण गाँव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। शिकायत कर्ता ने बताया कि दस साल पहले गांव के पड़ोस गाँव बांस गाँव से लाइट की सप्लाई दी गई थी।किन्तु तूफान की वजह से कई बिजली का खम्भा टूट गया था।जो कि आज भी टूटा हुआ तार पोल में लगा हुआ है।जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही की वजह से टूटे हुए पोल को सही नहीं कराया गया।जबकि आज भी गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं।उन्होंने बताया कि 70 घरों का कस्बा है।और पूरा मजरा अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। सोचने वाली बात यह है कि आंधी से बिजली का पोल टूटा तो जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सही क्यो नही कराया गया।इसके जिम्मेदार कौन हैं।की ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से ध्यान आकर्षित कराते हुए शीघ्र टूटे हुए पोल को सही कराए जाने की मांग की है।जिससे बरसात भरी गर्मी से ग्रामीणों को निजात मिल सके।

## सर्प के काटने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत

**कौंधियारा।** थाना क्षेत्र के कठोली कंचनवा गांव में सर्प के काटने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई घटना के समय 4 वर्षीय आकाश घर के बाहर खेल रहा था उसी दरमियान जहरीले सर्प ने कहीं से आकर काट लिया जिससे आकाश पुत्र कमलेश तिवारी उम्र 4 वर्ष की मौत हो गई वही बेटे की मौत पर मां-बाप का रो रो कर बुरा हाल है 4 वर्षीय मासूम बेटे के शव को देखकर हर कोई गम के माहौल में डूबा रहा।

## गंगा एक्सप्रेसवे की जद में आए सौ से अधिक मकानों पर चलेगा बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली शासन की महत्वपूर्ण परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते में पड़ने वाले सौ से अधिक मकान ढहाए जाएंगे। ये मकान प्रयागराज जिले के सोरांव तहसील के बीस गांवों में बने हैं। यूपीडा की ओर से इन मकानों को सर्वे के दौरान पहले ही चिह्नित कर लिया था। अब जिला प्रशासन की ओर से उन मकानों को हटाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा रास्ते में पड़ने वाले स्कूल, भट्ठे, नलकूकों को भी हटाने की तैयारी चल रही है। इसमें दो सरकारी स्कूल भी शामिल हैं। सरकारी स्कूलों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। जबकि, निजी स्कूल संचालकों को मुआवजा दिया जाएगा। जिला प्रशासन के अफसरों के मुताबिक गंगा एक्सप्रेसवे की जद में आने वाले सभी मकानों, स्कूलों, भट्ठों, बोरिंगों के आंकलन के लिए विभागों के अनुसार विशेषज्ञों की कमेटी बना दी गई है। भवनों के आंकलन के लिए पीडब्लूयूडी की टीम लगाई गई है जबकि नलकूपों के आंकलन के लिए जल संस्थान के इंजीनियर काम कर रहे हैं। एडीएम वित्त एवं फाइनेंस एमपी सिंह ने बताया कि प्रयागराज में एक्सप्रेसवे की जद में सौ से अधिक मकान आए हैं।सभी मकानों का मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजा निर्धारित करने के लिए पीडब्लूयूडी की टीम काम कर रही है। जो मकान जद में आए हैं, उसकी पूरी सूची पीडब्लूयूडी को दे दी गई है। टीम उस पर काम कर रही है। मकानों का मुआवजा उनके आकार, तल और उनके कमरों के आकार के अनुसार लगाया जा रहा है। इसके अलावा तीन निजी और दो सरकारी स्कूल भी आए हैं। सरकारी स्कूलों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा जबकि निजी स्कूलों के मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।निजी स्कूलों के मुआवजे के भुगतान के लिए पीडब्लूयूडी की टीम ही भवन का आंकलन कर रही है। इसके अलावा पूरबनारा और जुड़ापुर दांदू में एक-एक भट्ठा चल रहा है। दोनों भट्ठों को भी हटाया जाना तय है। इसके अलावा 75 नलकूप भी गंगा एक्सप्रेसवे की जद में आ गए हैं। ये नलकूप छोटे और बड़े सभी तरह के हैं। इनका न्यूनतम मुआवजा 15 हजार रूपये से शुरू है। बड़े नलकूपों का अलग मुआवजा दिया जा रहा है। हालांकि, पेड़ और पौधों का कोई मुआवजा लोगों को नहीं दिया जाएगा। जिला प्रशासन का कहना है कि पेड़ और पौधों के लिए कोई मुआवजा तय नहीं किया गया है।



## पेड़ से गिरकर किशोर घायल

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के चंदूपुर में रविवार को एक किशोर पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के बरामार ग्राम सभा के अंतर्गत चंदू पुर मजरा निवासी आकाश (14) पुत्र जिया राम रविवार दोपहर में वह अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वह पेड़ पर चढ़ गया। अचानक उसका पैर फिसलने से वह पेड़ से नीचे जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके बाएं हाथ में गंभीर चोट लगने से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

## जेई ने माण्डा इस्पेक्टर को तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की मांग की

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज माण्डा तहसील दिवस के प्रार्थना पत्र की जांच और कटी हुई बिजली की लाइन जोड़ने के लिये गये जेई सहित मांडारोड के चार विद्युत कमिर्यों पर आधा दर्जन लोगों ने गालियां देते हुये कटवासे से जानलेवा हमला किया और दोबारा गांव में आने पर जान से मारने की धमकी दी। थाने पहुंचकर जेई सहित विद्युतकमिर्यों ने इंस्पेक्टर मांडा को तहरीर देकर जान-माल और सम्मान के रक्षा की मांग की। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मांडारोड के जेई सियाराम यादव अपने उपकेन्द्र के परिचालक सुनील कुमार पांडेय व आशुतोष तिवारी तथा लाइनमैन भालचन्द्र व महेन्द्र सिंह के साथ



तहसील दिवस में क्षेत्र के धरांवगजपति ग्राम पंचायत के आहोपुर गांव निवासी ब्रह्मचारी पांडेय के प्रार्थना पत्र पर विद्युत तार जोड़ने और कटियामारी रोकने के लिये गांव में शनिवार सायं गये। विद्युतकमिर्यों के गांव में पहुंचते ही आहोपुर गांव निवासी विनय कृष्ण पांडेय, विजयशंकर पांडेय व अजय कुमार पांडेय तीन अज्ञात लोगों के साथ कर्मचारियों को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विजय शंकर ने मांडारोड उपकेन्द्र के जेई सियाराम यादव के गर्दन पर कटवासा रख दिया, जिसे विद्युतकर्मी सुनील कुमार व महेन्द्र सिंह ने किसी तरहा पकड़ा। लाइन जोड़ने खंभे पर चढ़े भालचन्द्र के ऊपर पथराव भी किया गया। विद्युतकमिर्यों को दोबारा गांव में आने पर जान से मारने और दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गयी। विद्युतकमिर्यों ने जेई के साथ रविवार को मांडा थाने आकर मामले की जानकारी इंस्पेक्टर मांडा अवन कुमार दीक्षित को दी। तहरीर पर इंस्पेक्टर ने थाने के वरिष्ठ दरोगा को जांच के लिये गांव में भेजा।

## सांड हाकने पर युवक को पीठ कर किया अधमरा मौत के बीच जूझ रहा है युवक

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** प्रयागराज जनपद के जलालपुर गांव में रविवार सुबह सांड़ हाक रहे युवक को दबंगों ने पीठ कर कर दिया अधमरा दबंगों ने इतना पीटा की युवक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया उसके मुंह से झाग निकलने लगा सूचना पर उतरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी दो लोगो को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है क्षेत्र के याकूबपुर गांव निवासी स्वर्गीय श्याम बहादुर पटेल का लड़का बृजभान पटेल 20 वर्ष रविवार सुबह उसके खेत में कई मवेशी पढ़े थे असल को चढ़ते देख वह खेत में घुसे साड़ो को हांक रहा था। हांकते हुए वह हाईवे की तरफ पहुंचा तो जलालपुर गांव के श्रीराम यादव अपने साथ आधा दर्जन लोगों को के साथ युवक को रोका कहासुनी के दौरान सभी लोग युवक पर हमला बोल दिया लाठी डंडे एवं लात घसो से इस कदर पीटा की युवक हाईवे के किनारे मरणासनन बेहोश होकर गिर गया गांव के लोग युवक को बेहोश देखा तो थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को घटना से अवगत कराया थाना अध्यक्ष तत्काल मौके पर पहुंचकर भाग रहे आरोपी श्रीराम यादव और एक अन्य को पकड़ कर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं युवक को फूलपुर के निधि हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है ।जहां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

## एसडीएम व सीओ ने मनकामेश्वर मंदिर व मेले का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर का जायजा लेने के लिए एसडीएम व सीओ मनकामेश्वर मंदिर लालापुर पहुंचे।

रविवार से शुरू हुए श्रावण मास के चलते एसडीएम बारा आईएएस सौम्या गुरुरानी व सीओ बारा अवधेश शुक्ला जायजा लेने के लिए लालापुर स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर पहुंचे। एसडीएम बारा आईएएस सौम्या गुरुरानी ने कहा मंदिर परिसर मे कोविड-19 का कड़ाई से पालन किया जाये और साफ़-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। एसडीएम सौम्या गुरुरानी ने कहा सोमवार से मंदिर का पट बन्द रहेगा और बाहर से ही कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। केवल सुबह व शाम प्रभु की आरती के लिए पट खुलेगा, आरती के पश्चात पुनः पट बन्द कर दिया जायेगा। एसडीएम बारा आईएएस सौम्या गुरुरानी ने कहा कोरोना की तीसरी लहर की शुरुआत हो गई है, जिसके चलते हम सभी को बेहद सावधानी बरतने की जरुरत है, हमारी सावधानी ही हमारा बचाव होगा। सीओ बारा अवधेश कुमार शुक्ला ने कहा कि जो भी व्यक्ति शाशन के द्वारा जारी गाइडलाइन व कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करता है उसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा सम्बन्धित व्यक्ति के साथ सख़्ती से निपटा जायेगा। जो भी श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए आते हैं शाशन के द्वारा जारी गाइडलाइन व कोविड नियमों का बखूबी पालन करें, मंदिर परिसर मे कहीं भी भीड़ एकत्रित नहीं होनी चाहिए।



## अस्पतालकर्मी बनकर ठगी व लूट करने वाला युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर के निजी अस्पतालों से ऑक्सीजन सिलेंडर फैक्टरी पहुंचाने के नाम पर गाड़ी बुक करके ठगी करने वाले शातिर युवक को क्राइम ब्रांच की मदद से कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट के रुपये बरामद हुए हैं।पुलिस ने बताया कि मेजा निवासी दुर्गेश सिंह नैनी में रहता है। पिछले तीन दिन में उसने अस्पतालकर्मी बनकर 9 लोगों को शिकार बनाया। पुलिस ने बताया कि दुर्गेश ने छोटा हाथी वाहन बुक कराने के लिए चालक मोहित गुप्ता को कॉल किया। कहा कि आनंद अस्पताल से उसे ऑक्सीजन सिलेंडर नैनी ले जाना है। गाड़ी पहुंचते ही मोहित से कहा 100 रुपये चेंज दे दो। जैसे ही मोहित ने पर्स निकाला, आरोपी दुर्गेश पर्स छीनकर भाग निकला। इसी तरह अशोक की गाड़ी बुक करके भी उसको तीन हजार रुपये की चपत लगाई। दोनों की शिकायतों पर कर्नलगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच की मदद से दुर्गेश को पकड़ लिया गया। एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र ने बताया कि पकड़े गए दुर्गेश ने कर्नलगंज और जार्जटाउन में अस्पताल के बाहर गाडि़यां बुक करके 9 चालकों के साथ ठगी की है।

## खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण संबंधित अधिकारी मौन

**अखंड भारत संदेश**

**सिकंदरा।** खलिहान की जमीन पर गांव के दबंगों की सह से अतिक्रमण किया जा रहा है।राजस्व अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।मिली जानकारी के अनुसार फूलपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा पूरनपुर के मजरा बेनीपुर में रामसेवक पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल खलियान की भूमि पर पक्का निर्माण कर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं।लोगों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया।कि जिस खलियान नंबर पर आक्रमण किया जा रहा है।वह करीब डेढ़ बीघा का रकबा है।जिस रकबे में रामसेवक पटेल द्वारा 5 विश्वा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है।एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा दिशा निर्देशन दिया गया है। कि रिजवं लैंड की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होना चाहिए।यदि किसी भूमाफिया द्वारा किया गया है।तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए खाली करवा कर सुरक्षित रखा जाए।लेकिन राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल मातादीन मौर्य द्वारा गांव के दबंगों से मिलकर खलियान की भूमि पर अवैध निर्माण को करवा रहे हैं।वही पत्रकारों ने जब लेखपाल मातादीन मौर्य से बात किया तो बताया गया कि मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।अब खलियान की भूमि पर निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। रामसेवक पटेल को अवगत भी करा दिया गया है।कि यदि निर्माण कार्य खलियान की भूमि पर करेंगे तो आपके ऊपर बहरिया थाने में मुकदमा पंजीकृत करवा दिया जाएगा।वहीं ग्रामीणों का कहना है।कि देखना यह है। कि हल्का लेखपाल द्वारानिर्माण कार्य करवाया जाएगा।कि निर्माण कार्य को रुकवाआ कर भूमाफियाओं के ऊपर मुकदमा पंजीकृत करवाकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## ऑनलाइन सट्टा खेल रहे पांच लोग गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने मोबाइल एप की मदद से ऑनलाइन सट्टा खेल रहे 5 युवकों को गिरफ्तार कर लिया। सट्टा संचालित करने वाला आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नगर निगम चौकी इंचार्ज आशुतोष दीक्षित और दरोगा समी आलम ने संगम पैलेस के पास छापेमारी करके ऑनलाइन सट्टा खेल रहे लूकरगंज निवासी उदय प्रताप, सिविल लाइंस के सोनू व आकाश, राजापुर के निहाल और अशोकनगर के अमित को गिरफ्तार किया। इनके पास से 8700 बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि राधे नाम का एक युवक ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। भाग्यलक्ष्मी मोबाइल एप की मदद से यह सट्टा खेला जा रहा था। इसके तहत हर घंटे पर 0 से लेकर 9 नवंबर तक कोई भी एक अंक चुनकर उस पर सट्टा लगाया जा रहा था। 11 से लेकर 500 रुपये तक सट्टा लगा सकता है। जीतने वाले को 10 गुना रुपये मिलते थे। जैसे अगर किसी ने 11 रुपये लगाया तो जीतने पर उसे 100 रुपये दिया जा रहा था। राधे नाम का व्यक्ति ही रुपया एकत्र करके बैंक खातों में ट्रांसफर करता था।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025

# भू माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू

### सैकड़ों बीघा राजस्व ग्राम अल्हवा की सार्वजनिक जमीनों पर भू माफियाओं का अना धिकृत कब्जा कोटेदार सहित तमाम सरहंग काश्तकारों ने सीमांकन नस्ट कर रास्ते, चकरोड,नवीन परती, बनजर,नाला,नदी,बचत,पुराने रास्ते,खलिहान,अस्पताल,की जमीनें चेतावनी के बावजूद भी नहीं कर रहे खाली

**जिलाधिकारी एवम उप जिलाधिकारी से प्रधान व ग्रामीणों गरीबों ने की थी शिकायत**

**के0के0शुक्ला**

**बड़ोखर/प्रयागराज।** सरकार ने एंटी भू माफियाओं के खिलाफ सार्वजनिक जमीनें अनाधिकृत कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन भले ही लिया हो किन्तु जमीनी हकीकत देखी जाए तो राजस्व विभाग की ही लापरवाही से सख्त एक्शन न लिए जाने के चलते ही लोग कब्जे कर उसका लाभ उठा रहे हैं। और सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है।

दरअसल ग्राम सभा अल्हवा कोरांव में सैकड़ों बीघा जमीन ग्राम सभा की चक बन्दी धारा 52 प्रकाशन के बाद जो रिजर्व कर सीमांकन,पत्थरगढ़ी आदि करा दी गई थी,किन्तु किसानों सरहगो ने सीमांकन आदि नस्ट कर कुछ ने अपने चकों में मिला लिया या फिर कुछ ने गांव के सेक्टर, चकरुड, नस्ट कर कब्जा कर अवरुद्ध कर दिए तो कुछ ने नदी नालों की पौधरोपण हेतु व्यवस्थित की जा रही जमीनों को कब्जा कर धान गेहूं कि खेती बारी कर रहे है। ग्राम सभा द्वारा खुली बैठक व दुग्गी पिटवाकर तथा हल्का लेखपाल द्वारा सार्वजनिक जमीनें खाली करने की अपील व चेतावनियों के बावजूद सरहग लोग धान आदि की रोपाई कर लिए, जो कानून का मजाक बनाया जा रहा। ग्राम पंचायत अल्हवा के ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे द्वारा दिनांक 28 जून को जिलाधिकारी प्रयागराज से मिल कर उक्त सार्वजनिक जमीनें सरंहगों से मुक्त कराने और खाली कर ग्राम सभा हित में मार्गों के निर्माण कार्य में सहूलियत दिलाने तथा निरा भूमि हीन व आवास हीन लोगों को आवंटित किए जाने का मांग पत्र दिया था। जिसपर उप जिलाधिकारी कोरांव को आवश्यक कार्यवाही किए जाने को इंगित किया गया है। उप जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी के आदेश अनुपालन में राजस्व निरीक्षक बड़ोखर कोरांव को अनुपालन कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने को निर्देशित किया है। राजस्व निरीक्षक राम आसरे ने बताया की लेखपालों की टीम गठित कर अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन खाली कराई जाएंगी।और जो नहीं मानेगा उसके खिलाफ थाना कोरांव में केस दर्ज कराया जाएगा।

उक्त क्रम में हल्का लेखपाल अतुल तिवारी ने 25 जुलाई को मौके पर जा जा कर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के साथ मुआयना किया और भू माफियाओं को चिन्हित किया।



### क्या बोले राजस्व लेखपाल....



जिले के अधिकारियों के आदेश पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर मौके की जांच की गई। जिसमें प्रथम पाली में आधा दर्जन भू माफियाओं सरहंग कास्ट कारों के खिलाफ धारा 3/5 लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिसकी सूचना तहसील के अधिकारियों को दी जा रही है। उक्त कार्यवाही में ग्राम के कोटेदार व दबंग कास्त कारों के खिलाफ प्राथमिक तौर पर एक्शन लिया गया है। यदि जमीनें खाली करने की लिखित व मौके पर कब्जे छोड़ने को तैयार होंगे तो कार्यवाही से बच सकते हैं।

**अतुल कुमार तिवारी**
**राजस्व लेखपाल कोरांव**

## पूरामुफ्ती क्षेत्र में लगता है जुआडियों का जमघट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में जुआडियों की जमघट लग रही है। खुलेआम बेखौफ तरीके से जुआ की फड़ सज रही है। इलाके की थाना पुलिस चुप्पी साध रखी है। लोगों का कहना है कि पुलिस को जुआडियों की फड़ से महीना मिल रहा है जिससे पुलिस मौन हो जाती है। इलाके के सफेदपोश नेता के संरक्षण में जुए की फड़ खेल रही है लेकिन छापामार कार्रवाई के बाद फड़ संचालक बार-बार बच जाता है।जबकि, जुआ खेलना और जुए की फड़ सजा कर नाल की वसूली करने की दोनों की अलग-अलग धाराएं हैं लेकिन पुलिस जुआ खेलने में लोगों को पाबंद कर देती है। नाल वसूल कर जुआ खेलने वाले जुआ संचालक पर कार्यवाही करने के बजाय पुलिस उसका बचाव कर देती है जिससे जुए की फड़ बराबर सज रही है। इलाके के गांव में इन दिनों फिर जुएं की फड़ें सज रहीं है। रविवार को जुए की सजी हुई फड़ का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई है।

थाना क्षेत्र के गोविंदपुर तेवारा गांव में जुए की सजी फड़ से वीडियो वायरल हो रहे वीडियो में यह बताया गया कि इलाकाई पुलिस जुए की इन फड़ो से नाल की रकम से महीना वसूल रही है। फड़ सजाने वाले लोग इलाकाई पुलिस की मिलीभगत से संगठित अपराध को अंजाम देते हैं। इलाके के बेरोजगार और पेशेवर अपराधी युवक इस जुए की फड़ में जुआ खेलने पहुंच रहे हैं। वीडियो को वायरल करने वाले युवक ने जुए के इस कारोबार को बंद कराने के लिए पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है।

## पांच करोड़ की लागत से तैयार पानी की टंकी परन्तु जलापूर्ति नदारद

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के कुसुंगुर गांव में लगभग पांच करोड़ की लागत से बनी कुसुंगुर पेयजल योजना आज तक धरातल पर नहीं उतर पाई। जल निगम के पेयजल टंकी सहित अन्य कार्यों को पूरा करा लिया गया है। परंतु गांव के कुछ अराजक तत्वों द्वारा कार्य में अवरुद्ध उत्पनन करने से पेयजल की मेन लाइन नहीं बिछ पाने की वजह से गांव में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी। जिसकी वजह से लोग शुद्ध पेयजल की बाट जोह रहे हैं। बता दें कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम प्रयागराज के द्वारा सहसों क्षेत्र के कुसुंगुर गांव में पांच करोड़ की लागत से बनी पेयजल योजना को क्षेत्र के कुछ तथाकथित लोगों द्वारा कार्य में बाधा पहुंचाने की वजह से लोगों तक उक्त पेयजल समूह योजना से शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस विषय में ग्रामीणों का कहना है कि कुसुंगुर, गारापुर, सीताऊ का पूरा सहित पांच गांव मजरा सहित पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर कनेक्शन भी किए जा चुके हैं। लेकिन पानी की टंकी को मुख्य पाइप लाइन नहीं बिछाये जाने के कारण ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिए दो वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। उक्त जलापूर्ति के संबंध में गांव के ही उपभोक्ता अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पांच करोड़ रुपए की लागत से दो वर्षों से तैयार पानी की टंकी से जल आपूर्ति के लिए नलकूप, विद्युत कनेक्शन, सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल बनकर तैयार है। परंतु जल निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते आज तक योजना को क्रियान्वयन में नहीं लाया जा सका। उनका कहना है कि जल निगम के संबंधित उच्चाधिकारियों को चाहिए कि उक्त तथाकथित अराजक तत्वों को दरकिनार करते हुए प्रशासन का सहयोग लेकर अवरुद्ध पाइपलाइन को बिछवाकर जलापूर्ति करवा देनी चाहिए। ताकि कुसुंगुर पेयजल योजना से जुड़े संबंधित गांव तक शुद्ध पेयजल की समस्या दूर हो सके जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना न पड़े। परंतु गांव के ग्रामीण उपभोक्ता शुद्ध पेयजल के लिए आस लगाए हुए बैठे हैं। घरों में लगे कनेक्शनो की टोंटियां सूखी पड़ी हुई हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जल निगम द्वारा पानी के लिए लगाए गए पांच करोड़ रुपया पानी में ही मिलकर पानी हो गया।



# रानीगंज के सण्डौरा में तड़तड़ाई गोलियां, दो युवक को लगी गोली



## प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुआ हादसा

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के सण्डौरा गांव में रविवार को दिनदहाडे़। अमित तिवारी (32) व जय प्रकाश चैरसिया (45) को कुछ लोगों ने गोली मार दी जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रधानी के चुनाव में जय प्रकाश चैरसिया वर्तमान प्रधान के खिलाफ चुनाव लड़ा था तथा अमित तिवारी व जय प्रकाश ने प्रधान के विरुद्ध शिकायत भी की थी जिसकी रंजिश में प्रधान के लोगों ने आज दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियों से हमला किया। यह घटना रविवार को अपरान्ह ढाई बजे घटी।

गोलियों की आवाज सुनकर गांव वाले दौडे़। और पुलिस को सूचना दिया। हमलावर गोली चलाते हुए भाग निकले। रानीगंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंच चुकी है। घायलों को जिला अस्पताल के लिये भेजा गया है। अमित तिवारी को तीन गोली लगी है तथा जय प्रकाश के माथे पर एक गोली लगी है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

## अज्ञात युवकों ने युवक को चाकू मारकर किया घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर के अन्तर्गत छैवा पुल के पास बीती रात करीब नौ बजे अज्ञात युवकों द्वारा एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल करने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो पता चला कि मो0 हसीब पुत्र हमीदउल्ला निवासी मुल्लापुर थाना कोतवाली नगर जो कि मोटर साइकिल से अपनी ससुराल गांव, छैवा पूरे मोहन, थाना कोतवाली नगर जा रहे थे तभी रास्ते में छैवा पुल के पास अज्ञात युवकों द्वारा उन्हे चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ लाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा उन्हें बेहतर उपचार हेतु एसआरएन, प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस की मानें तो अब तक की जॉच में लूटपाट की बात प्रकाश में नहीं आई है। फिलहाल मामले की गहराई से जांच व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल का हुआ सघन सेनेटाइजेशन

### हर रविवार को शासन के निर्देश पर होता है अस्पतालों में सेनेटाइजेशन

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने रविवार को राजकीय मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल (100 बेडेड) का विधिवत सफाई व सेनेटाइजेशन किया।

अस्पताल में पहले सफाई की गई, फिर तीनों मंजिलों में सेनेटाइजेशन किया गया।इसके अलावा अजीत नगर स्थित नगरीय सीएचसी में सेनेटाइजेशन किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह हर रविवार को अस्पतालों में सफाई व सेनेटाइजेशन का निर्देश दिया है। उनके निर्देशानुसार अस्पतालों के अलावा नगर कोतवाली, मकंद्रूगंज में भी सघन सेनेटाइजेशन किया गया। इसके अलावा नगर के अजीत नगर व अस्पताल वार्ड में नाला गैंग लगाकर सफाई की गई।

## जवाहर नवोदय में कक्षा-6 की प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या आभा शुक्ला ने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रतापगढ़ में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त 2021 (बुधवार) होगी। सभी पंजीकृत अभ्यर्थी चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करें तथा प्रवेश पत्र में दिये गये परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुॅचे। अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश पत्र में दिये गये कोविड प्रोटोकाल सम्बन्धी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

# गड्ढों से नहीं बल्कि पत्थरो से लड़ते है राहगीर

## पट्टी नगर में पृथ्वीगंज मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटना

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की कवायद सरकार की कहां तक आगे बढ़ी है और उसका असर कहां तक और कितना हुआ है यह तो कागजों में भले ही कुछ और हो लेकिन हकीकत तो यह है कि पट्टी नगर से पृथ्वीगंज मार्ग पर रायपुर गांव के समीप रायपुर कस्बे के पास लगभग 200 मीटर सड़क पर राहगीरों को पत्थरों से जूझना पड़ता है।

पत्थर ऐसे की ऊबड़ खाभड़ और बेतरतीब हिचकोले लेते हुए गड्ढे वाहनों पर बैठे हुए लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ यह मार्ग बरसात के समय में तो यह पता ही नहीं चलता है कि पानी कितना भरा हुआ है और कई राहगीरो के वाहन तो पत्थरों से टकराकर कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो गए और राहगीर जख्मी हो चुके हैं लेकिन प्रशासन इसके बारे में कोई खबर नहीं ले रहा है आए दिन अक्सर ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है । रविवार को अशोक पुर गांव की एक महिला ई-रिक्शा वाहन पर बैठकर अपने घर जा रही थी रिक्शे के ऊपर दरवाजे की शाह और चैखट लदी हुई थी पट्टी नगर से जैसे ही ई-रिक्शा आगे बढ़ा पत्थरों में लड़खड़ाते हुए डगमगाते हुए ई रिक्शा वाहन पलट गया और शाह और चैखट महिला के ऊपर जा गिरा जिससे उसे गंभीर रूप से चोटे आई आसपास के लोग दौड़े महिला को उठाया तो उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी भेजा गया और परिजनों को सूचना दी गई यह घटना तो सिर्फ एक बानगी है आए दिन ऐसी घटनाएं यहां की कहानी बन चुकी है इसके पहले सरसतपुर गांव के एक व्यक्ति पत्थरों से लड़खड़ा कर गिर गया था पृथ्वी गंज बाजार जाने वाले अक्सर राहगीरों के लिए यह मुसीबत का सबब बना हुआ है।

वैसे तो पट्टी विधानसभा उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह के नाम से पूरे प्रदेश में लोकप्रिय हैं और इस समय व ग्रामीण विकास और अभियंत्रण मंत्री भी हैं लेकिन पट्टी नगर की ऐसी हालत की सुध उन्होंने भी नहीं लिया जो कि बहुत ही आश्चर्यजनक है सरसतपुर के वैभव सिंह का कहना है कि आए दिन ऐसी घटनाएं गड्ढा मुक्त सरकार की योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं।

# सोनेलाल पटेल के बजाय सरदार पटेल के नाम हो मेडिकल कालेज

### शासन द्वारा सोनेलाल के नाम घोषित करने की चहुंओर हो रही निंदा




**प्रतापगढ़।** जिले में नवनिर्मित स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कालेज) का नाम सोनेलाल पटेल के नाम करने की शासन द्वारा घोषणा की चहुंओर निंदा हो रही है। मुख्यमंत्री द्वारा बेल्हा में मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा से जो खुशी लोगों में थी, उस पर पानी फेर दिया गया है।

234 करोड़ की लागत से बनने वाले बेल्हा के राजकीय मेडिकल कालेज का नामकरण वोट बैंक की लालच में किया गया है। लोगों का कहना है कि यदि पटेल जाति विशेष को ही सरकार को तवज्जो देना था तो सरदार पटेल के नाम से मेडिकल कालेज का नाम रखा जा सकता था लेकिन सोनेलाल पटेल का नाम बेल्हा के बुद्धिजीवी नहीं पचा पा रहे हैं। इसमें बिना किसी राजनीति के सभी दलों के नेताओं को नाम परिवर्तन कराने का आग्रह करना चाहिये। यदि जनप्रतिनिधि सोते रहे तो आम जनता कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। राजनीति में हर चीज का स्तर गिरा दिया जा रहा है। सोनेलाल पटेल का प्रतापगढ़ से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेतृत्व को भी इस पर गहन विचार करना चाहिये अन्यथा जिस फायदे के लिये यह निणर्य लिया गया है, उससे कहीं अधिक नुकसान उन्हें उठाना पड़ सकता है। भाजपा के लोग भी इस नामकरण का विरोध करने लगे हैं। भाजपा के पूर्व विधायक बृजेश सौरभ ने प्रेसवार्ता कर सोनेलाल पटेल के नाम पर विरोध जताया है। सोशल मीडिया पर इसके विरोध में अभियान चल रहा है। इसका एक ही विकल्प समझ में आता है कि सरकार इस नामकरण में संशोधन कर सरदार पटेल के नाम पर यह मेडिकल कालेज किया जा सकता है। वैसे प्रतापगढ़ जनपद का गौरवशाली इतिहास रहा है कि पं0 मदन मोहन मालवीय ने कालाकांकर से दैनिक हिन्दुस्तान का सम्पादन किया था। सुमित्रानंदन पंत ने भी कालाकांकर में रहकर काव्य रचनाएं की थी। इसके अलावा स्वामी करपात्री जी, पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, कृपालु जी महराज, पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह ऐसे कई नाम प्रतापगढ़ का गौरव बढ़ाते हैं। इन सब नामों को नजरंदाज कर शासन यदि पटेल वर्ग से ही नाम चाहता है तो सरदार पटेल के नाम पर करने से लोगों का असंतोष कम हो सकता है।

## मेडिकल कालेज के उद्घाटन का कार्यक्रम निरस्त

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 30 जुलाई को प्रतापगढ़ जिले के मेडिकल कालेज का होने वाला उद्घाटन निरस्त हो गया है। बता दें कि 30 जुलाई को प्रतापगढ़ में नवनिर्मित मेडिकल कालेज का प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम होना था। यह जानकारी देते हुए मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक ने बताया कि शनिवार की शाम 30 जुलाई को होने वाला प्रधानमंत्री का कार्यक्रम निरस्त होने की सूचना मिली। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिद्धार्थ नगर में आने का प्रोग्राम आ चुका था। यहीं से वह प्रदेश के 9 मेडिकल कालेज के उद्घाटन का प्रोग्राम आ जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर का दौरा भी किया था। देखना है कि अब मेडिकल कालेज के उद्घाटन की तारीख कब तय होगी?

## अधिवक्ता की करेंट लगने से हुई मौत



**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के बूढ़े पुर गौरा निवासी अनुज मिश्रा कुंडा में वकालत करते थे। बहुत ही मिलनसार और सभी की मदद करने वाले थे, अभी कुछ देर पहले करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। हर कोई उनके घर सांत्वना देने पहुंच रहा है।

# बाबा नरेन्द्र ओझा को उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान मिला



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी बाबा नरेन्द्र ओझा को उत्तर प्रदेश रतन सम्मान मिलने से प्रबुद्वजनों से प्रसनन्ता जताई। केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर की उपस्थिति में जूम विचार संगोष्ठी के तहत मै भारत हूॅ संस्थान द्वारा बाबा नरेन्द्र ओझा को यह सम्मान मिलने की जानकारी से रविवार को यहॉ प्रसनन्ता जताई गयी। यहॉ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 शक्तिधर नाथ पाण्डेय ने कहा कि बाबा ओझा के विचारों तथा लेखन से क्षेत्र का गौरव निरन्तर बढ़ रहा है। संचालन कुलभूषण शुक्ला ने किया। इस मौके पर आचार्य राजेश पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, विकास मिश्र, डॉ0 वीरेन्द्र मिश्र, डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा, सुनील सिंह मोनू, एसके शर्मा, डॉ0 धर्मेन्द्र वैश्य, विकास पाण्डेय, हरिकेश चैरसिया, राहुल मोदनवाल आदि रहे।

## विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी आज सोमवार को दोपहर साढ़े बारह बजे से नगर स्थिति क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगें। इसके बाद अपरान्ह पौने तीन बजे सावन के पहले सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया कि श्री तिवारी अपरान्ह साढ़े तीन बजे चिचिहरा में कारगिल युद्व के अमर शहीद शशिकांत शुक्ला की शहादत स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## युवती की अपहरण का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर चार नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रहिमाकुली निवासी चन्द्रभान की पतनी गुड़िया ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बीस जुलाई को दिन में तीन बजे आरोपियों ने साजिश कर उसकी पुत्री सानिया का अपहरण कर लिया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी अमेठी जिले के गौरीगंज थाना के मणीपुर निवासी विकास का उसके गांव में रिश्तेदारी थी। विकास अक्सर अपने रिश्तेदारी आया जाया करता था। घटना के दिन आरोपी विकास अपने नाना लखन व नानी मंजौका तथा मौसी करिश्मा के साजिश से दो दिन अज्ञात लोगों के साथ बोलेरों से लेकर भाग निकला। आरोपियों के साथ फरार हुई पुत्री घर के जेवरात तथा दस हजार नकद उठा ले गयी। पीड़िता ने आशंका जताई।

# वर्षों से चला आ रहा नाली विवाद का रास्ता सुलझा

### दो परिवारों के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई का हुआ अंत



**बाघराय, प्रतापगढ़।** इलाके के एक गांव में करीब 10 वर्षों से रास्ता और पानी निकासी को लेकर आए दिन मारपीट होती रहती थी जिसका विवाद राजा भैया के संज्ञान में आने पर पूर्व प्रमुख, राजस्व टीम और पुलिस प्रशासन मामला सुलझाने गांव पहुंचा।

बाघराय क्षेत्र के काशीपुर डुबकी के मुड़ीया ुर मजरे में शंकर लाल रामराज और किशोरी के बीच आवागमन का रास्ता और पानी निकासी को लेकर काफी समय से विवाद चला रहा था। कई बार मारपीट भी हुई पुलिस ने दोनों पक्षों का कई मर्तबा चालान भी किया। यह विवाद बेती के जनता दरबार में राजा भैया के पास भी पहुंचा। उनके निर्देश पर राजस्व और पुलिस विभाग की टीम को लेकर पूर्व प्रमुख प्रफुल्ल कुमार सिंह गांव पहुँचे।

शंकर लाल और रामराज के बीच चार मीटर का रास्ता और बीच से नाली निकालने की बात पर दोनों पक्ष राजी हो गए। प्रफुल्ल सिंह ने गांव के बीडीसी रामा गौतम को जल्द नाली खड़ंजा का प्रस्ताव बनवाकर ब्लॉक भेजवाने की बात कही। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक पारस नाथ थाने के दरोगा वीरेंद्र कुमार सिंह और अशोक कुमार यादव प्रधान हरिश्चन्द, छोटेलाल शुक्ला, नीलमणि सिंह, कुँवर बहादुर, सज्जन कुमार पंकज मिश्र पूर्ब प्रमुख, छेदी लाल समेत काफी तादात में लोग मौजूद रहे।

# कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 30 तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2021-22 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुसूचित जाति/जन जाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थी लाभ उठा सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम 30 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय की सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (दिनांक 01.04.2021 को) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सा0हिन्दी, सा0अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सा0गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 31 जुलाई 2021 को प्रातः 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में होगा।

## आनलाइन रोजगार मेले का आयोजन 28 जुलाई को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 28 जुलाई को आनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न पदों हेतु आनलाइन/वीडियो कान्फ्रेसिंग/टेलीफोनिक इन्टरव्यू के माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इस चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। आनलाइन रोजगार मेले में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से आनलाइन आवेदन करना होगा। आनलाइन आवेदन के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात् उन्हें पुनः आनलाइन रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपना लागिन आईडी द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर आनलाइन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# विवाहिता के उत्पीड़न को लेकर रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता के उत्पीड़न तथा प्रताड़ना को लेकर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के सिंधौर निवासी मो0 हनीफ ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री नसराबानों की शादी लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज में दाउद अली के साथ हुई है। शादी के बाद से आरोपी पति दाउद द्वारा उसकी बेटी को आये दिन दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी के खिलाफ महिला उत्पीड़ना व दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने रास्ते के विवाद में मारपीट की घटना को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के खण्डवा निवासी इन्द्रेश सरोज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार को गांव के मिश्री सरोज तथा गंगा देवी ने रास्ते के विवाद में उसे तथा परिवार के सदस्यों को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जांन लेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है

## किशोरी के अपहरण पर रिपोर्ट दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पन्द्रह वर्षीय किशोरी के अपहरण को लेकर एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे नेवाजी गांव के मो0 जीमल की पतनी खुशमीदा बानों ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बीस जुलाई को प्रयागराज जिले के राजापुर सोराव गांव के बृजेश पाण्डेय ने उसकी पुत्री रेहाना पन्द्रह का बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। तहरीर के आधार पर आरोपी बृजेश पाण्डेय के खिलाफ शनिवार की रात अपहरण का केस दर्ज किया है।

## जमीनी विवाद में बाउंड्री तोड़ी आरोपियों पर मामला दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा जमीनी विवाद में एक महिला के घर की बाउंड्री तोड़ दिया गया विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे से मारते हुए उसे दौड़ा लिया गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर गांव की रहने वाली नीलम सिंह पतनी नागेश सिंह की बाउंड्री को बीते चैबीस जुलाई की रात 11 बजे आरोपी महेश कुसुम शिवम मंगेश आदि ने मिलकर तोड़ दिया जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से मारा पीटा भागने पर दौड़ा लिया जान से मारने की धमकी भी दिया पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों पर संबंधित धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मानसिक प्रदूषण ही सभी प्रदूषणों की जड़ है : राजेन्द्र प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** कोईरौना क्षेत्र के इटहरा में स्थित एक कालेज में गंगा समग्र की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें गंगा समग्र के सोलह आयामों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में काशी प्रांत के संगठन मंत्री अम्बरीष जी ने लोगो को बताया कि धरती सच में सोना उगलती है। बस जरूरत है सच्चे मन से कार्य करने की। कहा कि ज्ञान तो सभी के पास है, लेकिन ज्ञान को जीना जरूरी है।

क्योकि गंगा की स्वच्छता, गौ पालन, सनातन संस्कृति और आयुर्वेद पर कार्य करना जरूरी है। अम्बरीष जी ने कहा कि सबसे पहले गांव की समिति बनाकर लोगो को जागरूक करें। कहा कि अगले दो माह तक जिले के गंगा किनारे की गांव समिति बना लें। गांवों में बने तालाबों के बारे में कहा कि जो भी गांव में तालाब है उसे स्वच्छ रखने के लिए लोगो को प्रेरित करें। और प्रयास करे कि सभी तालाब को



गंगा सरोवर नाम देकर और स्वच्छ बनाया जाये। कहा कि यदि लोग जागरूक हो जायेंगे तो गांवों में टोली बन जायेगी और गंगा के विभिनन्‍ आयामों वृक्षारोपण, गंगा आरती समेत में कार्य आसानी से होगा। कहा कि जब तक हम मन से गंगा की स्वच्छता के लिए खुद आगे नही आयेंगे तब तक कार्य का सही परिणाम नहीं मिलेगा। बैठक में काशी प्रांत संयोजक अमिताभ उपाध्याय ने जिले की आयाम प्रमुखों की घोषणा की तथा सभी को गंगा समग्र के विभिनन्‍ आयामों में पूरे मन से कार्य करने की बात कही। काशी प्रांत सह संयोजक चन्द्रशेखर जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति आदिकाल से ही विश्व के लिए प्रेरणादायक रही है। और आज हम आधुनिकता के दौर में कही न कही अपनी संस्कृति को भूल रहे है। कहा कि आज भी जैविक खेती, गौ पालन, वृक्षारोपण, नदियो की स्वच्छता और तालाबों का सुन्दरीकरण जरूरी है। कहा कि गंगा समग्र सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए काफी सहयोगी है। अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद दूबे ने कहा कि मानसिक प्रदूषण के वजह से सभी अन्य प्रदूषण की जड है। गंगा को आस्था से जोड़ना जरूरी है। वैज्ञानिक रहस्यों को आस्था में छिपा दिया गया। कहा कि कल्पना करने मात्र से 10 अंश पाप या पुण्य लगता है। इसलिए सही विचार जरूरी है। इस मौके पर साहबलाल पाण्डेय, डा संजय द्विवेदी, राममिलन तिवारी, श्यामकांत त्रिपाठी, भूपेन्द्र द्विवेदी, विजय शंकर तिवारी, आद्या धर राय समेत काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

## सावन में महादेव का शुरू हुआ जलाभिषेक, भक्तों ने लगाई अपनी हाजिरी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सावन महीने में देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों के रवानगी का सिलसिला शुरू हो चुका है। क्षेत्र के मिश्री गरौरा से निकले शिवभक्त जयकारे लगाते हुए ऊंज सीमा पर पहुंचे। सावन मास की 25 जुलाई से शुरू हो गया है। हालांकि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार भी कावड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए शिव भक्तों को ही सादगी के साथ निकलना शुरू हो चुके हैं। शिवभक्त बाबा विश्वनाथ सेमराधनाथ धाम पहुंचकर देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में सुरेश तिवारी, दीपक बिंद, अनुज कुमार, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।



## रहमान ने काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल में 99 प्रतिशत मार्क्स पाकर गोपीगंज का किया नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** गोपीगंज नगर के स्टेशन रोड निवासी जावेद आलम किरमानी के पुत्र रहमान अली ने गोपीगंज नगर स्थित सेंट थामस स्कूल से दसवीं की परीक्षा 99ज्ञ्‍ मार्क्स पास करके गोपीगंज का नाम रोशन किया है।रहमान अली ने परीक्षा पास करके पूरे परिवार का नाम फख्र से ऊंचा कर दिया है। इस संबंध में जब रहमान अली से बात की गई तो उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। साथ ही उन्होंने कहा की कोरोना काल में हमने अपनो को खोया है जिसका हमे काफी दर्द है। आने वाले दिनों में मैं डॉक्टर बनना चाहता हुं जिससे गरीब,मजदूर,बेसहारों की निःस्वार्थ सेवा कर सकूं।

## जमीनी विवाद में मारपीट में 4 घायल, एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भदोही।** ऊंज थाना क्षेत्र के पूरे मटका गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें चार लोगों को गंभीर चोटे आई है। तथा दोनों पक्ष मिलाकर एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एक पक्ष रोशन ओझा व उनकी पतनि रागिनी देवी ओझा को सर में गंभीर चोट आई है। तथा दूसरे पक्ष के वाचस्पति ओझा व पतनि किरन ओझा को भी सर में चोट आई है। पुलिस ने चारों को डीघ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक पक्ष से रोशन ओझा के तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया तथा दूसरे पक्ष के वाचस्पति ओझा के तहरीर रोशन ओझा रामाश्रय एवं रागिनी ओझा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# भक्तों की कामना पूरी करते है बाबा बेरासनाथ

## गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध है बाबा बेरासनाथ धाम

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** काशी और प्रयाग के मध्य स्थित भदोही जिला आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन काल के कई धार्मिक स्थल यहां के आध्यात्मिक इतिहास की गवाही देते हैं। इन्हीं में से एक है गोपीगंज क्षेत्र का बेरासनाथ धाम। लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराने इस धाम को कालीन नगरी के गुप्त काशी के नाम से जाना जाता है। देवाधिदेव महादेव के प्रिय मास सावन में इस धार्मिक स्थल का महात्म्य दूर-दूर तक फैल जाता है।

काशी-प्रयाग मध्य स्थित पवित्र क्षेत्र में काफी धार्मिक केंद्र हैं, जो अपने आप में कई ऐतिहासिक विरासत सहेजे हैं। गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर गांव में एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां की मान्यता काशी विश्वनाथ से कम नहीं है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यह स्थल काशी तो नहीं बन सका, लेकिन गुप्त काशी के नाम से आज भी प्रचलित है। इस शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए पहुंचती है। मंदिर में दूर-दूर के भक्त आते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद भोलेनाथ पूरी करते हैं।बेरासपुर गांव में स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर बाबा बेरासनाथ धाम के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध है। मंदिर की स्थापना के बारे में ग्रामीण बताते हैं कि इस मंदिर का शिवलिंग भी सेमराध नाथ की तरह एक कुंए में था। किंवदंतियों के अनुसार एक बार व्यासजी इसी जगह से जा रहे थे, तो उनको यहां किसी दैवीय शक्ति की मौजूदगी का अहसास हुआ। फिर वे रुक गए और कुंए में स्थित शिवलिंग की पूजा करने लगे। और काफी दिन यहां रहकर पूजा पाठ किया फिर धीरे धीरे उसके बाद ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगो ने भी पूजा पाठ शुरू कर दिया। व्यास जी के कई वर्ष तक इस जगह रहने के कारण इस स्थान का नाम व्यासपुर पड़ा। लेकिन, कालांतर में गांव का नाम बेरासपुर हो गया। व्यासजी के चले जाने के काफी वर्ष बाद ग्रामीणों ने कुएं में स्थित शिवलिंग को बाहर निकाल कर स्थापित करने की इच्छा जताई, लेकिन ऐसा न हो सका। फिर कुछ वर्षों तक ग्रामीणों ने कुएं को पाटकर शिवलिंग के जगह ऊपर पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। मगर मंदिर व्यवस्थित न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती रही। इसी को ध्यान में रखकर गांव के महामानव बालाप्रसाद पाल 'साहब' जो रेलवे में कार्यरत थे, ने बाबा बेरासनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और इसको वर्ष 1938 में पूरा करा लिया। उस समय भारत-पाकिस्तान का बंटवारा नहीं हुआ था। तो इस मंदिर के निर्माण में लाहौर से दर्जनों कारीगरों ने आकर कार्य किया।

इसमें गांव के भी तमाम हिंदू-मुस्लिम लोगों ने काम किया था। सबसे खास बात यह है कि यह शिव मंदिर सेमराधनाथ, तिलेश्वरनाथ, पांडवानाथ, खाखरनाथ के बीच में स्थित है। जिससे यहां दर्शन पूजन करना महात्म से भरा है। सावन के महीने में मंदिर पूरा गुलजार रहता है।



## सारीपुर मार्ग पर जलभराव, यात्रियों को हो रही परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र के अमवा राजमार्ग से होकर सारीपुर गांव की जर्जर सड़क पर जलभराव होने के कारण जहां आवागमन में परेशानी हो रही है वही संक्रामक बीमारी भी फैलने की आशंका बनी है। बताया जाता है कि गांव के 2 किलोमीटर सड़क पर जगह जगह गड्ढे बने हैं, जिसमें बरसात का पानी भरा होने के कारण भारी कीचड़ के बीच राहगीरों का आवागमन होता है। जिसके चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अक्सर पैदल चलने वाले लोग सड़क पर फिसल कर गिर जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है।



## जन्मदिन पर किया गया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

भदोही । जनपद के मुख्यालय ज्ञानपुर में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष अजय उपाध्याय का जन्मदिन वृक्षारोपण के साथ मनाया गया। इस इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में जनपद के अनेक स्थानों से आए किसानों ने वृक्षारोपण करने के उपरांत उपस्थित लोगों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। अपने जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर पत्रकार यश पाठक ने वृक्ष भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश चाणक्य, विशाल तिवारी, हरिप्रकाश उपाध्याय, सुनील दत्त त्रिपाठी सुनील कुमार बरनवाल, जेपी पाल आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों को मानदेय एवं सेवा नियमावली लागू करें सरकार : ननकेश बाबू

## वित्तविहीन शिक्षकों ने बैठक कर सरकार की रवैये पर जताई नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** उ. प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट प्रयागराज की आवश्यक बैठक रामनारायण लाल इण्टर कॉलेज करछना में जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में सम्पनन्‍ हुई, जिसमे माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मानदेय एवं सेवा नियमावली जैसी ज्वलंत समस्याओं पर वृहद चर्चा की गई। प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निणन्‍य के अनुसार प्रदेश के प्रत्येक मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जे. डी.) कार्यालय पर अपनी मांगो को लेकर धरना देकर ज्ञापन सौंपने पर विचार किया गया है।

बैठक में जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि सरकार ने बजट सत्र में सेवा नियमावली बनाने का वचन दिया था। परन्तु विधानसभा चुनाव 2022 भी सामने आ गया है फिर भी आज तक सरकार के कान में जूं तक नहीं हिली। सरकार के हठवादी रवैए से वित्तविहीन शिक्षक पूर्ण रूप से आहत हैं। सरकार को आगाह किया गया कि शिक्षकों के प्रति हठवादी रवैया को त्यागकर उनके परिवार और उनके भविष्य की दृष्टिगत रखते हुए राजकीय कोषागार से मानदेय एवं सेवा नियमावली बनाकर अपने हठवादी रवैया का त्याग करे। वक्ताओं ने अपील की कि आगामी 27 जुलाई 2021 को 11 बजे पूर्वाह्न संयुक्त शिक्षा निदेशक (जे. डी.) कार्यालय (राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज के बगल) पहुंचकर धरना प्रदर्शन में कोविड के नियमों का पालन करते हुए मास्क और 2-गज की दूरी का ध्यान रखकर मांगपत्र सौंपने हेतु निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों।

बैठक में मुख्यरूप से मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, श्रीनिवास यादव, फूलचंद्र कननैजिया, सीताशरण सिंह, गोविन्द प्रसाद, बालेंदु गौतम, बुधराम यादव, अमरबहादुर, जे. पी. यादव, कृष्णविजय सिंह, शिवमूरत सिंह पटेल, मान सिंह, सी. बी. यादव, भुवाई लाल यादव, अवधेश श्रीवास्तव, अनिल विश्वकर्मा, अमर चन्द गुप्ता, कमल चन्द, रमेश यादव, महेंद्र द्विवेदी, सर्वेश, वीरेन्द्र कुमार शैलेश, अरविन्द यादव सहित अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीसीएम और ट्रैक्टर में भिड़ंत दो की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**नारीबारी।** थाना बारा अंतर्गत डांडो चौराहे के पास डीसीएम और ट्रैक्टर में भिड़ंत जिसमें ट्रैक्टर में आगे बैठे हुए दो लोगों की मौत हो गई

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5:30 बजे एक ट्रैक्टर जिसका चालक भूसा व्यापारी है कुछ मजदूरों को बैठा कर चाकघाट की ओर जा रहा था और जैसे ही वह डांडो चौराहे के पास पहुंचता है वैसे ही गलत साइड से आ रही डीसीएम से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें डीसीएम का चालक टक्कर के कारण गाड़ी के अंदर ही फस गया और ट्रैक्टर में आगे बैठे हुए दो मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए जहां स्थानीय लोगों द्वारा डीसीएम के चालक को किसी प्रकार से गाड़ी से बाहर निकाला गया जिसमें उसके दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो चुके थे वहीं दूसरी ओर घायलों को 112 नम्बर पुलिस की गाड़ी की सहायता से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ समय बाद घायलों की हालत की गम्भीरता को देखते हुए एस0आर0एन के लिए भेज दिया गया जहां इलाज के दौरान इस्लाम अहमद पुत्र नियाज अहमद आयु 35 वर्ष निवासी घुरमी बारा व महबूब अहमद पुत्र मो0 हनीफ आयु 37 वर्ष निवासी घुरमी बारा की मौत हो गयी।

# समूचे देश में 80 करोड़ लोगों को मिला गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभः विभवनाथ

## सरकारी दुकानों पर सैकड़ों परिवारों को बांटा गया राशन

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/ प्रयागराज।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्‍ योजना के तहत रविवार को यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ में राशन का वितरण किया गया। नगर पंचायत एरिया में स्थित तीन सरकारी दुकानों में पंजीकृत सैकड़ों कार्डधारकों को सरकारी थैले में निशुल्क राशन उपलब्ध करवाया गया। इसमें प्रति व्यक्ति की दर से अनुमन्य गेहूं व चावल शामिल है। राशन वितरण का कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष (यमुनापार) विभवनाथ भारती ने कहा कि निशुल्क अनन्‍ योजना गरीबों के लिए वरदान



साबित हुई है। कोरोना काल में जहां एक तरफ लोगों के आय के साधन कम हो गए थे, वहीं इस योजना ने हजारों परिवारों को जून की रोटी मुहैया करवाई। कहा कि इस समय पूरे देश में लगभग 80 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त खाद्यानन्‍ की सुविधा दी जा रही है। बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ एरिया में स्थित दुकानों में राशन बांटा गया, यह वितरण कार्य जिला, मंडल व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की निगरानी में किया गया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने नगर के ही सरकारी दुकानों में पहुंचकर कर खाद्यानन्‍ वितरण करवाया। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, जिला महामंत्री पिवमो मसुरियादीन वर्मा, नगर पंचायत शंकरगढ़ अध्यक्ष लल्लू कनौजिया, जिला सोशल मीडिया संयोजक सार्थक गुप्ता, वरिष्ठ सभासद सुजीत केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष उग्रसेन द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ वर्मा, सभासद महमूद, सभासद सुनीता जिला मीडिया प्राभारी पिवमो सतीश विश्वकर्मा आदि लोग रहे।

# एसडीएम ने सुजावन देव मंदिर का निरीक्षण कर किया जलाभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** इलाके के धार्मिक और आस्था के प्रतीक सुजावन देव मंदिर का सावन मेले के मद्देनजर एसडीएम बारा शौम्या गुरुरानी ने निरीक्षण करते हुए जलाभिषेक किया । साथ ही मंदिर के पुजारी व प्रधान से मंदिर के आस पास साफ सफाई रखने का निर्देश देते हुए कोविड नियमों के तहत मंदिर प्रवेश व पूजन कराए जाने के लिए निर्देशित किया ।घूरपुर के देवरिया भीटा स्थित यमुना के मध्य धारा में विराजित सुप्रसिध्द सुजावन देव मंदिर में सावन मेले के पहले दिन रविवार के दिन एसडीएम बारा शौम्या गुरुरानी निरीक्षण के लिए पहुंची ।यमुना के मध्य स्थित मंदिर की छटा देख एसडीएम भाव विभोर हो गई । सबसे पहले एसडीएम ने सुजावन देव का विधिवत पूजन कर जलाभिषेक किया । और उसके बाद मंदिर का निरीक्षण किया । इस बीच मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान देवरिया महंत राजीव गिरी व पुजारी ज्ञानेंद्र भारथी से एसडीएम ने सावन के मेले में आने वाले शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक व पूजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली । एसडीएम ने मंदिर में भीड़ को नियंत्रित रखने



व कोविड नियमों की विधिवत जानकारी दी। पुजारी ने बारिश के मौसम में आने जाने वाले भक्तों को होने वाली दिक्कतों ओ बताया जिसे संज्ञान में लेते हुए मदद का भरोसा दिया।

## ग्रामीणों ने मोदी जी की मन की बात को टोली बनाकर सुना

**अखंड भारत संदेश**




**नारीबारी।** विकासखंड शंकरगढ़ के मवैया में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान संतोष सिंह के आवास पर जिला अध्यक्ष यमुना पार भाजपा विभव नाथ भारती कीअध्यक्षता में ग्रामीणों ने टोली बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात को सुना और उसको अपने कर्तव्यों में उतारने का संकल्प लिया सेवा समर्पण व राष्ट्र सर्वोपरि है का नारा दिया इस अवसर पर सुधाकर सिंह, संतोष सिंह प्रधान, रतनकर सिंह, अशोक मिश्र, सूर्यकांत शुक्ला, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जितेंद्र बहादुर सिंह, विजय शंकर शुक्ला जिला महामंत्री, विजय बहादुर सिंह, प्रदीप कुमार, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गुरु बिना मानव जीवन मे अंधकार ही अंधकार -:विद्याकान्त

**घूरपुर।** गुरु बिना मनुष्य का जीवन शून्य होता है। गुरु एक ऐसा शब्द होता है जो माता पिता के सामान जीवन को सुदृढ़ एवम सफल बनाने मे कोई भी कसर नहीं छोड़ते है साथ ही एक सामान्य व्यक्ति से आदर्श एवम शिक्षित व्यक्ति का काम सिर्फ और सिर्फ गुरु ही करते है। इसलिए सदैव गुरुजनो का सम्मान करना चाहिए उक्त बातें युवा समाजसेवी विद्याकान्त कोल नें शनिवार को क्षेत्र के चकसंगतदास मे गुरु की महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने अनेकों रुचिकर तरीके से गुरुपूर्णिमा एवम गुरु शब्द की महत्ता का वर्णन भी किये इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि युवाओ को समाज एवम राष्ट्र की प्रगति हेतु शिक्षित होनें के साथ साथ सक्रिय राजनीति मे महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए तभी देश का कल्याण होगा एक प्रशन्‍ के जवाब मे उन्होंने आगामी विधानसभा के चुनाव मे स्वयं को प्रत्याशी के रूप मे भी स्वीकार किये। इस अवसर पर युवा समाजसेवी विद्याकान्त के द्वारा गरीब बच्चों मे पेंन, पेन्सिल समेत पाठ्य सामग्री भी वितरित की गयी।अपना दल कमेरावादी के युवा नेता नें अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा पल्लुवी पटेल जी को अपनें आदर्श के रूप मे स्वीकार किये।

# किसान अपने खेतों में जीवामृत वर्मी जैविक कम्पोस्ट खाद का प्रयोग करें : आर पी पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** किसान अपनी फसलों से ज्यादा फायदा कमाने के लिए बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कर रहा है, इसका दुष्परिणाम बाद में पता चलता है कि लोग अनेकों किस्म की बीमारी के शिकार हो जाते हैं, और उनकी उपजाऊ भूमि भी धीरे-धीरे रासायनिक उर्वरक से खराब होने लगती है उक्त वाते करछना के कबरा में आयोजित किसान गोष्ठी में शेष दुर्गा हर्बल कम्पनी के निदेशक आर पी पाण्डेय ने किसानों को कम लागत से तैयार जैविक खाद कैसे



तैयार कर किसान समृद्ध शाली बन सकता है उन्होंन बताया कि किसान एक एकड़(एक बीघा बारह बिस्वा) खेत के लिए जीवामृत बनाने की विधि,दस किलो गाय या भैंस का ताजा गोबर, पांच लीटर गोमूत्र या भैंस का मूत्र, दो किलो बेसन, दो किलो देशी गुड़, दो किलो सरसों की खली, दो किलो आंटे की भूसी(चोकर), तीन किलो बरगद या पीपल के पेड़ के नीचे की मिट्टी और दो सौ लीटर पानी में ड्राम में घोल दें, हर दूसरे दिन इस घोल को डंडे से चला दें, ड्राम को छाया में एक सप्ताह तक रखें, आपका जीवामृत खेतों में डालने के लिए तैयार है, जब खेतों में पानी लगाएं तो जीवामृत वाले ड्राम से एक बराबर मात्रा में पानी के साथ साथ जीवामृत की धार को भी गिराते रहें पानी के साथ साथ ये आपके पूरे खेतों में फैल जाएगा। यह डी ए पी और यूरिया से ज्यादा कारगर होगा। इसके प्रयोग से खेतों में माइक्रोन्यूट्रींस पैदा होने लगेंगे और केंचुए भी पैदा होने लगेंगे, तब आप जान लें कि आपके खेतों कि मिट्टी जैविक रूप से पूर्ण उपजाऊ बन गई है। इसके प्रयोग से किसान खुशहाल होगा और रासायनिक उर्वरक से मातृभूमि की भी रक्षा हो सके ।

## सम्पादकीय

### तोक्यो ओलिंपिक : चक दे इंडिया

भारतीय खेलप्रेमियों को भी इस बार रेसलिंग से लेकर शूटिंग और बैडमिंटन तक कई खेलों में मेडल की उम्मीद है। ये उम्मीदें किस हद तक पूरी होती हैंए यह साफ होने में वक्त लगेगा। लेकिन हमारी जो टीम पहुंची हैए उस पर ठीक से गौर करें तो उससे भी देश में स्पोर्ट्स के विकास के कई अहम पहलू उजागर होते हैं। लंबे इंतजार और तमाम आशंकाओं के बीच आखिर तोक्यो ओलिंपिक 2020 आज से शुरू हो रहा है। यह पहला मौका हैए जब किसी ओलिंपिक में शामिल होने गई टीम के सदस्यों की पहली चिंता बेहतरीन प्रदर्शन की तैयारियों में लगने के बजाय यह देखना है कि उनके कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव न आ जाए और ऐसा न हो कि गेम में शामिल होने के बदले उन्हें जापान सरकार द्वारा बनाए गए क्वारंटीन होम में बैठे.बैठे मुकाबले देखकर संतोष करना पड़े। जिन हालात में ये ओलिंपिक खेल आयोजित हो रहे हैं उनके मद्देनजर हर खेल में मेडल की चाहत रखने वाले दर्शकों की भी पहली चिंता यही है कि उनके संभावित चैंपियन आखिरी पलों तक संक्रमण से बचे रहें। इन्हीं खतरों की वजह से सीमित संख्या में दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश देने की योजना भी आखिरकार रद्द करनी पड़ी। इन सबके बावजूद दुनिया भर के खेलप्रेमियों के लिए यह राहत की बात है कि कोविड.19 वायरस के खौफ को पराजित कर एक साल देर से ही सहीए पर इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। और जब खेलों का आयोजन हो रहा है तो लाख चिंताओं.दुश्चिंताओं के बीच भी मेडल से नजरें नहीं हट सकतीं।

भारतीय खेलप्रेमियों को भी इस बार रेसलिंग से लेकर शूटिंग और बैडमिंटन तक कई खेलों में मेडल की उम्मीद है। ये उम्मीदें किस हद तक पूरी होती हैंए यह साफ होने में वक्त लगेगा। लेकिन हमारी जो टीम पहुंची हैए उस पर ठीक से गौर करें तो उससे भी देश में स्पोर्ट्स के विकास के कई अहम पहलू उजागर होते हैं। अव्वल तो 127 खिलाडि.यों वाली यह अब तक की सबसे बड़ी टीम है। दूसरी बात यह कि भारत इस बार 18 खेलों में भागीदारी कर रहा है जो विभिनन खेलों में हमारे विकास को दर्शाता है। पंजाब और हरियाणा जैसे छोटे राज्यों की तोक्यो पहुंचे दल में 40 फीसदी की हिस्सेदारी वहां तेजी से फलते.फूलते स्पोर्टिंग कल्चर की कहानी कहती है। इसमें तमिलनाडु ;11द्धए केरल ;8द्धए महाराष्ट्र ;6द्ध और मणिपुर ;5द्ध जैसे राज्यों का योगदान बताता है कि भारत के टॉप एथलीट किसी खास क्षेत्र से नहीं बल्कि पूरे देश के कोने.कोने से आते हैं। इसका मतलब यह भी है कि विभिनन खेलों के पारंपरिक गढ़ तो हैं हीए पर उनके नए केंद्र भी उभर रहे हैं। उदाहरण के लिए एक तरफ हरियाणा हैए जिसने सात रेसलर तोक्यो भेजकर इस खेल में अपना दबदबा कायम रखा है तो दूसरी ओर महाराष्ट्र का सातारा है जो रेसलिंग केंद्र की अपनी जगह दोबारा हासिल करने में लगा हुआ है। बहरहालए चूंकि आज से ओलिंपिक गेम्स शुरू हो रहे हैं तो इन तमाम बातों की पहली और फिलहाल सबसे बड़ी कसौटी मेडलों की संख्या ही होगी। हम उम्मीद करते हैं कि भारत इस ओलिंपिक में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे।

# भारत का सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनना महज इत्तेफाक नहीं है

**प्रह्लाद सबनानी**

कोरोना महामारी के कारण उत्पादों की दबी हुई मांग में पुनः संचार दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार द्वारा विवेकाधीन खर्च में बढ़ोतरी की जा रही है। साथ ही देश में अब तेजी से चल रहे कोरोना के टीकाकरण से भी देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। कोरोना महामारी की दूसरी लहर का असर हालांकि देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा तो है परंतु यह बहुत कम ही रहेगा। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021.22 में आर्थिक समीक्षा के अनुरूप भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 11 प्रतिशत ही रहने की सम्भावना है। इस प्रकार यह वृद्धि दर विश्व की समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में प्रथम स्थान पर रहेगी।

विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत का पुनः शामिल हो जानाए महज इत्तेफाक नहीं है बल्कि इसके लिए केंद्र सरकार ने व्यवस्थित तरीके से कई प्रयास किए हैं। विभिनन क्षेत्रों. विशेष रूप से कृषि एवं श्रम कानूनों में हाल ही में लागू किए गए संरचनात्मक सुधारों एवं आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के चलते यह सम्भव होता दिख रहा है। भारत में कोरोना महामारी के दौरान संरचनात्मक सुधारों के जरिए विभिनन आपूर्ति पक्ष सम्बंधी परेशानियों को सफलतापूर्वक दूर किया गया है। इस प्रकार आगे आने वाले समय में आर्थिक वृद्धि दर पर मुद्रास्फीति का प्रभाव भी कम ही रहने की सम्भावना है। माह जनवरी 2021 में जारी की गई आर्थिक समीक्षा में अनुमान लगाया गया था कि वित्तीय वर्ष 2021.22 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 11 प्रतिशत की रहेगीए जबकि वित्तीय वर्ष 2020.21 में कोरोना महामारी के कारण यह ऋणात्मक 7०3 प्रतिशत की रही थी। इस प्रकार तो कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रभाव देश की आर्थिक वृद्धि दर पर लगभग शून्य ही रहने वाला है। हालांकि उस समय पर आर्थिक समीक्षा में यह भी बताया गया था कि आर्थिक वृद्धि को आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करने एवं नियमों में ढील दिए जाने एवं आपूर्ति पक्ष को समर्थन देकर विकास दर को तेज करने में मदद मिलेगी। अब आगे आने वाले समय में तो केंद्र सरकार ने आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करने का बीड़ा ही उठा लिया है एवं बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में निवेश को बढ़ाया जा रहा है। वित्त मंत्री ने विभिनन सार्वजनिक उपक्रमों से अपनी पूंजीगत खर्च योजना का व्यय शीघ्रता से प्रारम्भ करने का आह्वान किया है। इस प्रकारए बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में पूंजीगत खर्च को बढ़ाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021.22 के बजट में 5०54 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च का प्रावधान किया गया हैए जो वित्तीय वर्ष 2020.21 में किए गए पूंजीगत खर्च से 34०5 प्रतिशत अधिक है। बड़े आकार के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों ने वित्तीय वर्ष 2021.22 के लिए निर्धारित पूंजीगत ख़र्चे के बजट का 16 प्रतिशत भाग वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाहीए अप्रैल.जून 2021 में 93ए000 करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में मात्र 7 प्रतिशत राशि ही खर्च की जा सकी थी। विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को तेजी के साथ लागू किया जा रहा है। कोरोना महामारी के कारण उत्पादों की दबी हुई मांग में पुनः संचार दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार द्वारा विवेकाधीन खर्च में बढ़ोतरी की जा रही है। साथ ही देश में अब तेजी से चल रहे कोरोना के टीकाकरण से भी देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

केंद्र सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के चलते बेरोजगारी की दर में भी अब कमी देखी गई है। सीएमआईई ;ब्डप्म्द्ध इंडिया बेरोजगारी दर जो कोरोना महामारी के दूसरे दौर के बाद 9०4 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी वह अब नीचे गिरकर 8०7 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर अपने उच्चतम स्तर 10०3 प्रतिशत की तुलना में अब यह 9 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। जबकि ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी की दर 8०9 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से गिरकर अब 8०6 प्रतिशत पर आ गई है। साथ ही ईपीएफओ ;म्च्थ्व्द्ध में नए अभिदाताओं की संख्या भी मई 2021 माह के 11०20 लाख से बढ़कर जून 2021 माह में 12०8 लाख हो गई है जोकि जून 2021 माह में 14 प्रतिशत से बढ़ी है। इसी प्रकार बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में भी 4 जून 2021 को समाप्त अवधि के दौरान 9900 करोड़ रुपए की वृधि दृष्टिगोचर हुई है। इस वर्ष रोजगार के नए अवसरों के समावेशी रहने की भी प्रबल सम्भावना है क्योंकि कोरोना महामारी के दौरान गरीब तबके के रोजगार छिन गए थे। तिरुपुरए जो देश का सबसे बड़ा वस्त्र उत्पादन केंद्र हैए में कुल श्रमिकों की क्षमता के मात्र 60 प्रतिशत श्रमिक ही उपलब्ध हो पा रहे हैं। इसी प्रकार सूरत में जहां रतन एवं आभूषण निर्माण की 6ए000 इकाइ्यां कार्यरत हैं एवं जहां 400ए000 से अधिक बाहरी श्रमिक कार्य करते हैंए में भी 40 प्रतिशत श्रमिक अभी भी काम पर नहीं लौटे हैं। चेनन्ई के चमड़ा उद्योग में भी 20 प्रतिशत कम श्रमिकों से काम चलाया जा रहा है। देश में दरअसल उद्योगों में तो पूरे तौर पर उत्पादन कार्य प्रारम्भ हो चुका है परंतु श्रमिक अभी भी अपने गांवों से वापस इन उद्योगों में काम पर नहीं लौटे हैं। इस प्रकार रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हैं परंतु श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।भारत से उत्पादों के निर्यात में भी लगातार सुधार दृष्टिगोचर है एवं यह जून 2021 में लगातार चौथे माह 3ए000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का रहा है। देश से निर्यात किए जाने वाले 30 क्षेत्रों में से 25 क्षेत्रों में वृद्धि दृष्टिगोचर है। विशेष रूप से वस्त्र उद्योगए चमड़ा उद्योगए रतन एवं आभूषण उद्योग तथा कृषि क्षेत्र से भी निर्यात लगातार बढ़ रहा है। यह सभी क्षेत्र रोजगार आधारित हैं। अतः देश में रोजगार के अधिक से अधिक नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। साथ ही इंजीनीयरिंग उद्योगए पेट्रोलियम उत्पादए कैमिकल आदि उद्योगों से भी निर्यात में आकर्षक वृद्धि देखने में आ रही है। इसके कारण देश में विदेशी मुद्रा भंडार भी नित नए ऊँचे स्तर को छू रहा है। दिनांक 9 जुलाई 2021 को यह लगभग 61ए200 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को छू गया है। जून 2021 में तो भारत से उत्पादों के निर्यात में 48 प्रतिशत की वृद्धि एवं आयात में 98 प्रतिशत की वृद्धि देखने में आई है इसका आशय यह है कि देश में आर्थिक गतिविधियां पूर्णतः कोरोना महामारी के पूर्व के स्तर को पार कर चुकी हैं। जून 2021 माह में देश से 3ए250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निर्यात दर्ज किए गए हैं जो जून 2019 से भी 30 प्रतिशत अधिक हैं।जुलाई 2021 में वस्तुओं के एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजने के लिए जारी किए जाने वाले ई.वे बिल की मात्रा में भी तेज गति से वृद्धि देखने में आ रही है जो कि देश में आर्थिक गतिविधियों के शिखर पर आने का संकेत है। यह जुलाई 2021 के प्रथम 11 दिनों में औसत प्रतिदिन 19०24 लाख ई.वे बिल की संख्या तक पहुंच गया है तथा यह मई 2021 के प्रतिदिन औसत से 49 प्रतिशत अधिक एवं जून 2021 के प्रतिदिन औसत से 5०6 प्रतिशत अधिक है। केंद्र सरकार के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रहण में भी अब सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2021.22 की प्रथम तिमाही ;अप्रैल.जून 2021द्ध में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रहण 92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2ए43ए408 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। यह देश में आर्थिक गतिविधियों के उच्चतम स्तर को प्राप्त करनेए नियमों के व्यवस्थित अनुपालन एवं कम धन वापसी के कारण सम्भव हो सका है। प्रथम तिमाही में किया गया प्रत्यक्ष कर संग्रहण पूरे वर्ष के निर्धारित किए गए लक्ष्य 11०08 लाख करोड़ रुपए का 22 प्रतिशत है।

# मोबाइल खो जाए तो एफआईआर दर्ज होती है या एनसीआर

**राजेश चौधरी**

मामला संज्ञेय अपराध का हो तो पुलिस को प्रथम सूचना रिपोर्ट ;थ्प्त्द्ध दर्ज करनी होती है और अगर पुलिस एफआईआर दर्ज न करे को पीडि.त पक्ष इसके लिए संबंधित अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। लेकिन कई ऐसे मामले भी होते हैं जो संज्ञेय अपराध की कैटिगरी में नहीं आते। इन मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज न करके एनसीआर ;नॉन कॉगिन्जेबल रिपोर्टद्ध दर्ज करती है। क्या होती है एनसीआर और इसकी जरूरत क्यों पड़ती है।ऐडवोकेट मुरारी तिवारी बताते हैं कि अपराध दो तरह के होते हैं संज्ञेय यानी कॉगिन्जेबल ऑफेंस और गैर संज्ञेय यानी नॉन कॉगिन्जेबल। बेहद गंभीर अपराध संज्ञेय की कैटिगरी में आते हैं और कम गंभीर अपराध गैर संज्ञेय कैटिगरी में आते हैं। गैर संज्ञेय अपराधों में सीधे एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान नहीं है। ऐसे मामले में जब पुलिस को रिपोर्ट की जाती है तो वह सिर्फ डायरी एंट्री करती हैए यानी ऐसे मामले में पुलिस एनसीआर दर्ज करती है। ऐडवोकेट अमन सरीन का कहना है कि कोई भी ऐसा मामला जो संज्ञेय न होए जैसे किसी का कोई सामान खो गया हो या गिर गया हो। इसी तरह किसी का मोबाइल गुम हो जाए या पर्स खो जाएए जिसमें ड्राइविंग लाइसेंसए गाड़ी के कागज आदि हों तो ऐसे मामले में पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई जाती है। तब पुलिस एनसीआर दर्ज करती है। इससे पीडि.त को अपने खोए हुए डॉक्युमेंट्स को दोबारा बनवाने में मदद मिलती है। दिल्ली हाई कोर्ट में वकील अजय दिग्पाल बताते हैं कि गैर संज्ञेय मामलों में पुलिस को सूचित करने से पीडि.त पक्ष का बचाव हो जाता है। उदाहरण के लिए मोबाइल फोन खो जाने पर पुलिस को दी गई सूचना में मोबाइल के बारे में डिटेल बतानी होती है और फिर उस आधार पर एनसीआर दर्ज हो जाती है। इसकी एक कॉपी शिकायती को मिलती है। इसका फायदा यह होता है कि बाद में उस मोबाइल का इस्तेमाल अगर कोई अपराधी अपराध के लिए करता है तो मोबाइल मालिक अपनी जवाबदेही से बच जाता है। एनसीआर के आधार पर उसका बचाव यह होता है कि उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था और पुलिस को भी पहले ही सूचित किया जा चुका है। ऐडवोकेट नवीन शर्मा बताते हैं कि एनसीआर दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी कॉपी अपने रेकॉर्ड में रखती है। अगर गुम हुआ सामान मिल जाए या पुलिस को उसके बारे में जानकारी मिले तो सामान रिकवर कर लेती है।

# कोरोना अभी गया नहीं है, जिस तरह की लापरवाही हो रही है वह देश को भारी पड़ सकती है

**सर्राफ धमोरा**

रमेश कोरोना की दूसरी लहर के बाद किए गए सीरो सर्वे में देश के 68 फीसदी लोगों में एंटीबॉडी पाई गई है। इसमें वो लोग भी शामिल हैं जिन्हें टीका लगाया जा चुका है। इसके बावजूद प्रतिदिन नये कोरोना मरीजों के आंकड़ों का 40 हजार के आसपास रुक जाना किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन व दुनिया के बड़े वैज्ञानिक व चिकित्सा विशेषज्ञ सभी देशों को लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वह अपने यहां लगाई गई पाबंदियों में ढील ना दें। दुनिया भर में जल्दी ही कोरोना की तीसरी लहर आने वाली है। कई देशों में तो कोरोना की तीसरी लहर प्रारंभ भी हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरी लहर में कोरोना का वायरस पहले से ज्यादा प्रभावी होगाए जिसके बड़े दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ब्रिटेनए अमेरिकाए रूस समेत कई बड़े देशों में कोरोना के बढ़ते आंकड़े भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाले हैं। दुनिया भर में कोरोना वैक्सीन लगाए जाने के बावजूद जिस तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि कोरोना की तीसरी लहर शुरू हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार.बार लोगों को चेता रहे हैं कि बेवजह घरों से निकलकर अनावश्यक भीड़भाड़ इक्कठी ना करें। प्रधानमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों पर उमड़ रही पर्यटकों की भीड़ पर भी नाराजगी जताते हुए उन राज्य सरकारों को चेताया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक एकत्रित होकर कोरोना गाइडलाइन की पालना भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वे स्वयं व घर आकर अपने परिवार के लोगों को भी संक्रमित करेंगे। इससे बचने का एकमात्र उपाय है अपने घरों पर ही रहे। कोरोना वायरस की दूसरी लहर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। इसी बीच कई राज्यों से नए मामले बढ़ने की खबरें सामने आने लगी हैं। केरल में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में केरल सरकार की ओर से बकरीद पर लॉकडाउन में ढील दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई व जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह अफसोस की बात है कि राज्य सरकार व्यापारी संगठनों के दबाव में आ गई।

उन इलाकों में भी दुकान खोलने की अनुमति दी जहां कोरोना दर 15 फीसदी से अधिक है और लोगों की जान को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल सरकार ने बकरीद के अवसर पर इस तरह की छूट देकर देश के नागरिकों के लिए राष्ट्रव्यापी महामारी के जोखिम को बढ़ा दिया है। कोरोना की दूसरी लहर के बाद किए गए सीरो सर्वे में देश के 68 फीसदी लोगों में एंटीबॉडी पाई गई है। इसमें वो लोग भी शामिल हैं जिन्हें टीका लगाया जा चुका है। इसके बावजूद प्रतिदिन नये कोरोना मरीजों के आंकड़ों का 40 हजार के आसपास रुक जाना किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि कोरोना के आंकड़े जिस तरह से स्थिर हो गए हैं। उसे देखने के बाद संभावना है कि आंकड़ों में बहुत जल्दी बढ़ोत्तरी देखने को मिले। देश के 13 राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। केरलए आंध्र प्रदेशए ओडिशा के अलावा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में जिस तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं वो डराने वाले हैं।देश में अभी प्रतिदिन 40 हजार कोरोना के नए केस मिल रहे हैं। जबकि देश में पहली बार संपूर्ण लॉकडाउन लगा था तब मात्र 85 कोरोना पॉजिटिव केस मिले थे। उससे तुलना करें तो वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। देश में अभी तक तीन करोड़ नौ लाख के करीब कोरोना पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। जिनमें से तीन करोड़ पांच लाख यानी 99 प्रतिशत कोरोना पॉजिटिव केस रिकवर हो चुके हैं। वही 4 लाख 20 हजार लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है जो एक प्रतिशत है। देश में अभी तक कोरोना के 35 करोड़ नमूने लेकर उनकी जांच की जा चुकी है। वर्तमान में भी प्रतिदिन 17 से 18 लाख कोरोना के नमूनों की देश में जांच की जा रही है। पूर्वोत्तर के आठ प्रदेशों में कोरोना पॉजिटिव केसों में एकाएक बढ़ोतरी होना बड़ी चिंता का विषय है। कोरोना की पहली लहर में पूर्वोत्तर के आठ प्रदेश कोरोना से ज्यादा प्रभावित नहीं हुए थे। मगर इस बार वहां कोरोना का काफी प्रभाव देखने को मिल रहा है। अभी देश में कोरोना से प्रतिदिन होने वाली मौत का आंकड़ा 500 से अधिक है। कोरोना की दूसरी लहर गुजर जाने के बाद भी लगातार 40 हजार से अधिक पॉजिटिव केसों का मिलना व 500 लोगों की प्रतिदिन मौत पर काबू नहीं हो रहा है। ऐसे में यदि कोरोना की तीसरी लहर आ जाती है तो स्थिति एक बार फिर बिगड़ सकती है।

कोरोना की दूसरी लहर में पूरे देश ने देखा था कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार पूरी तरह फेल हो गई थी। देश में ऑक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा था। यहां तक कि पानी के जहाजों से विदेशों से भी ऑक्सीजन मंगवानी पड़ी थी। दूसरी लहर के बाद देश के सरकारी व निजी अस्पतालों में तेजी से ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाए जा रहे हैं जो काफी नहीं है। ऑक्सीजन के मामले में महाराष्ट्र सबसे पहले आत्मनिर्भर होने वाला राज्य बना है। देश के अन्य राज्यों को भी ऑक्सीजन उत्पादन के क्षेत्र में महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करना चाहिए।देश में अभी कोरोना की तीन कंपनियों की वैक्सीन उपलब्ध हैं जो पर्याप्त नहीं हैं।

सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोशिल्ड ही बड़ी मात्रा में उत्पादित हो रही है। भारत बायोटेक की कोवैक्सीन का उत्पादन अभी बहुत कम है। रूस की स्पुतनिक वी अभी कम संख्या में ही आयात की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वैक्सीन ही कोरोना का सबसे बड़ा बचाव का साधन है। मगर सरकार पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। देश में मात्र 42 करोड़ लोगों को ही अभी तक वैक्सीन की एक डोज लगाई गई है। कोरोना नियंत्रण की दिशा में महाराष्ट्रए राजस्थानए ओडिशाए आंध्र प्रदेशए तमिलनाडु ने अभी तक लॉकडाउन के दौरान की गई पाबंदियों को पूरी तरह नहीं हटाया है। इस कारण वहां कोरोना नियंत्रण में बड़ी सफलता मिली है। पर्वतीय राज्य उत्तराखंडए हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारें होटल मालिकों के दबाव में पर्यटकों को लुभाने के लिए कोरोना गाइडलाइन की पालना नहीं करवा पा रही हैं। जो पूरे देश के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। देश के लोगों को अभी भी कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करना चाहिए ताकि सभी के सहयोग से कोरोना को मात दी जा सके।

# मोबाइल फोन के अवैध आयात की समस्या का नेपाल सरकार ने निकाला नायाब हल

**योगेश कुमार गोयल**

एमडीएमएस लागू होने के बाद अवैध रूप से ग्रे मार्केट में खरीदा गया मोबाइल फोन और विदेश से रिश्तेदारों द्वारा खरीदा गया कोई भी मोबाइल सैट अब तब तक काम नहीं करेगाए जब तक कि उसका आईएमईआई नंबर पंजीकृत नहीं हो जाता। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ;एनटीएद्ध द्वारा अवैध मोबाइल फोन सेट के जरिये मोबाइल सेवाओं के संचालन को रोकने के लिए मोबाइल डिवाइस प्रबंधन प्रणाली ;एमडीएमएसद्ध को लागू कर दिया गया है। इसके लागू होने के बाद अब 16 जुलाई से आईएमईआई नंबर पंजीकरण के बिना नेपाल में प्रवेश करने वाले मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लग गया है। एनटीए के अनुसार यह प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा निर्धारित मोबाइल मानकों के अनुसार मोबाइल उपकरणों को आयात करने में मदद करती है और इससे मोबाइल फोन के इस्तेमाल से होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर भी लगाम लगेगी। बताया जा रहा है कि लंबी तैयारी के बाद नेपाल में यह व्यवस्था लागू की गई है।

एमडीएमएस लागू होने के बाद अवैध रूप से ग्रे मार्केट में खरीदा गया मोबाइल फोन और विदेश से रिश्तेदारों द्वारा खरीदा गया कोई भी मोबाइल सैट अब तब तक काम नहीं करेगाए जब तक कि उसका आईएमईआई नंबर पंजीकृत नहीं हो जाता। हालांकि एनटीए का कहना है कि एमडीएमएस के कार्यान्वयन से वर्तमान में सक्रिय मोबाइल फोन के संचालन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और व्यक्तिगत स्तर पर खरीदे गए मोबाइल फोन सैटों का पंजीकरण एनटीए की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। एनटीए द्वारा आम जनता से नेपाल में वर्तमान में उपयोग में आने वाले मोबाइल फोन को पंजीकृत करने का आग्रह किया गया है। अवैध फोन कॉल के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए लागू की गई एमडीएमएस प्रणाली उन मोबाइल फोन सैटों से दूरसंचार सेवा के उपयोग पर रोक लगाती हैए जो नकल और चोरी के सैट के माध्यम से टैक्स चोरी करते हैं। एमडीएमएस के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के संचालन के लिए चाबहिल में एक अलग भवन भी बनाया गया है। एनटीए द्वारा जारी बयान के मुताबिक आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने और राज्य में राजस्व बढ़ाने के लिए इस तरह के नियमों को सख्ती से लागू किया गया है। वर्तमान में चल रहे मोबाइलों पर यह नियम सख्ती से लागू नहीं है लेकिन अब यह नियम सख्ती से लागू होगा। इस नियम के लागू होने के बाद मोबाइल फोन के रजिस्ट्रेशन से राज्य को मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होगी और मोबाइल फोन भी सुरक्षित रहेंगे। नई प्रणाली के लागू होने के बाद मूल रूप से ग्रे मार्केट से मोबाइल आयात और बिना बिल तथा वारंटी के बेचे जाने वाले फोन का कारोबार खत्म हो जाएगा। नए नियम के तहत नेपाल में फोन सेट पर मोबाइल सिम कार्ड तब तक काम करेगाए जब तक सैट का इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी ;आईएमईआईद्ध नंबर रजिस्टर नहीं किया जाता। हालांकि मोबाइल फोन सेवा बाधित न होए इसके लिए एनटीए द्वारा ऐसे लोगों के लिए पंजीकरण कराने के लिए अभी लंबा समय निर्धारित किया हैए जिनके पास पहले से ही ऐसे मोबाइल हैं। एक बार जब फोन मोबाइल नेटवर्क से कनेक्ट हो जाता है तो सिस्टम की मदद से उसके आईएमईआई नंबर का पता लगाया जाता है। यदि मोबाइल औपचारिक चैनलों के माध्यम से नहीं आया है तो उसे ब्लॉक कर दिया जाएगाए इसलिए नेपाल में अब मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए उसका रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।अब भी जान लें कि एमडीएमएस आखिर है क्याघ् यह एक ऐसा सुरक्षा सॉफ्टवेयर हैए जो दूरसंचार नियामक को उन नीतियों को लागू करने में सक्षम बनाता हैए जो अंतिम उपयोगकर्ता मोबाइल उपकरणों को सुरक्षितए मॉनीटर तथा प्रबंधित करती हैं। नेपाल सरकार की यह केन्द्रित प्रणाली मोबाइल उपकरणों का उनके श्अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचानष् ;आईएमईआईद्ध नंबर के साथ पंजीकृत होने के बाद रिकॉर्ड रखती है। दरअसल प्रत्येक मोबाइल फोन का 15 अंकों का एक विशिष्ट आईएमईआई नंबर होता है और डुअल सिम फोन सैट के लिए दो आईएमईआई नंबर होते हैं। एमडीएमएस की महत्ता के बारे में एनटीए के उपनिदेशक अच्युतानंद मिश्र का कहना है कि लंबे समय तक रिचार्ज करने पर मोबाइल सैट फटने और कपड़े की जेब में रखे मोबाइल सैट में विस्फोट होने की कई दुर्घटनाएं हुई हैंए जो खासकर तभी होता है जब डिवाइस कम गुणवत्ता का हो। दरअसल ऐसे मोबाइल सैट आवश्यक मानकों को पूरा किए बिना निर्मित किए जाते है और एमडीएमएस गुणवत्ता तथा मानकों को पूरा करने वाले वास्तविक मोबाइल उपकरणों को आयात करने में मदद करेगा। यह खोए हुए या चोरी हुए फोन का पता लगाने तथा वास्तविक गुणवत्ता वाले फोन आयात करने में भी मदद करेगा।

नेपाल में मोबाइल फोन के अवैध आयात के कारण सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा था और यह प्रणाली सरकार के राजस्व संग्रह में योगदान देने वाले ग्रे मोबाइल फोन के आयात को पूरी तरह समाप्त कर देगी। दरअसल सरकार नेपाल में आयात होने वाले प्रत्येक मोबाइल फोन पर ढाई फीसदी उत्पाद शुल्क और तेरह फीसदी वैट वसूलती है। ग्रे बाजार ऐसा बाजार हैए जहां से हजारों मोबाइल सैट बिना बिल और बिना वारंटी के आयात किए जाते हैं। लोग बड़ी आसानी से बैगए कार्गो या अपने कपड़ों की जेब में ही ऐसे मोबाइल खरीदकर लाते रहे हैं। व्यापारी संगठनों के अनुसार नेपाल ने वित्त वर्ष 2019.20 में 4०3 मिलियन यूनिट मोबाइल फोन का आयात कियाए जिनमें से करीब 40 फीसदी ग्रे चैनल के माध्यम से आए। नेपाल में बाहर से आने वाले मोबाइल फोन का बहुत बड़ा बाजार है। सीमा शुल्क विभाग के अनुसार देश ने चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 11 महीनों में 34०14 अरब रुपये के मोबाइल फोन का आयात किया जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान आयात केवल 15०74 अरब रुपये था। नेपाल के सीमा शुल्क विभाग के अनुसार लोगों को अब अपने साथ दो मोबाइल डिवाइस लाने की अनुमति होगीए एक उपयोग में और दूसरा अतिरिक्त या नए फोन सेट के रूप में। यदि कोई इससे ज्यादा मोबाइल सैट लाता है तो उसे खरीद बिल जमा करके सीमा शुल्क का भुगतान करना होगा। नेपाली मोबाइल डीलरों का मानना है कि एमडीएमएस प्रणाली लागू होने के बाद नेपाल में मोबाइल फोन महंगे हो सकते हैं और खासकर जो ग्रे मार्केट से आयात होते रहे हैं।

भारत से भी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन नेपाल जाते हैं लेकिन नया नियम लागू होने के बाद इस कारोबार पर बड़ा असर पड़ना तय है। भारत.नेपाल के बीच रोटी.बेटी के संबंध हैंए इसीलिए दोनों देशों के नागरिक एक.दूसरे से सामान खरीदकर ले जाते हैं लेकिन नए नियम का भारत के सीमांत बाजार पर काफी असर पड़ेगाए जिस कारण सीमांत के व्यापारियों में आक्रोश है। बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक भारतीय सीमा से मोबाइल खरीदते हैं क्योंकि यहां अपेक्षाकृत कम कीमत में बढि.या मोबाइल मिलते रहे हैं किन्तु नए नियम के बाद भारत से नेपाल जाने वाले मोबाइल सेट पर भारी टैक्स लगेगाए जिससे वहां के नागरिक भारतीय बाजारों से मोबाइल फोन खरीदने में संकोच करेंगे और इस प्रकार सीमायी बाजारों में भारतीय मोबाइल फोन का व्यवसाय काफी हद तक प्रभावित होगा। नए नियम के तहत दूसरे देशों से नेपाल घूमने या अन्य कार्यों से आने वाले लोगों के मोबाइल फोन में भी नेपाली सिम नहीं चलेंगी लेकिन वे अपनी सिम का इस्तेमाल रोमिंग में अवश्य कर सकेंगे। इसीलिए वहां सरकार से मांग की जा रही है कि पर्यटकों के मोबाइलों को नेपाली सिम कार्ड लगाने से प्रतिबंधित नहीं किया जाए। दरअसल प्रतिदिन हवाई और सड़क मार्ग से बड़ी संख्या में लोग नेपाल जाते हैंए भारत से भी बहुत से लोग नेपाल घूमने जाते हैं। नेपाल जाने पर वहां की स्थानीय सिम का इस्तेमाल करने से सस्ती दरों पर कॉल होती हैए इसीलिए अधिकांश लोग वहां जाने पर अपने मोबाइल में नेपाली सिम का प्रयोग करते हैं लेकिन नए नियम लागू होने के बाद ऐसा नहीं हो सकेगा।

# खेल



## फाइनल में न पहुंचने पर ट्रोल हुई मनु भाकर, हीना सिद्धू ने इस तरह किया बचाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर पिस्टल में तकनीकी खराबी आने के कारण टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल्स में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूक गईं। दूसरी सीरीज में पिस्टल में तकनीकी खराबी के कारण मनु के पांच मिनट खराब हुए और मानसिक एकाग्रता वाले इस खेल में किसी की भी लय खराब करने के लिए उतना समय काफी था।

मनु के अपने इवेंट में फाइनल में जगह न बनाने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ऐसा होने पर दो ओलंपिक खेल चुकीं पिस्टल शूटर हीना सिद्धू ने उनका बचाव किया है। उन्होंने कहा कि, 'जो लोग यह कहने में देर नहीं लगा रहे कि मनु दबाव का सामना नहीं कर सकीं। मैं इतना जानना चाहती हूं कि पिस्टल में खराबी के कारण उसका कितना समय खराब हुआ। उसने दबाव के आगे घुटने नहीं टेके बल्कि उसका सामना करके अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे ट्वीट करते हुए कहा कि, '34 मिनट से भी कम समय में 575 स्कोर करना बताता है कि वह मानसिक रूप से कितनी दृढ है। खिलाडि.यों का आंकड़ों के आधार पर आकलन करना बंद कीजिए। मनु और देसवाल दोनों ने शानदार प्रदर्शन किया और मिक्स टीम में वे अधिक मजबूती से उतरेंगी।' बता दें कि हीना के पति रौनक पंडित भारतीय पिस्टल टीम के कोच भी हैं।मनु के पिता रामकिशन भाकर और भारतीय नेशनल राइफल संघ के अधिकारी ने भी कहा कि मनु की पिस्टल के इलेक्ट्रॉनिक ट्रिगर में खराबी आ गई थी। उसे ठीक कराने के बाद वह लौटीं लेकिन उसकी लय बिगड़ चुकी थी। पहली सीरीज में 98 के स्कोर के बाद उन्होंने 95, 94 और 95 का स्कोर किया और टॉप 10 से बाहर हो गईं।

टोक्यों ओलंपिक में भारत के लिए सुपर संडे

# मैरी कॉम, सिंधु और मनिका बत्रा ने लगायी जीत की हैट्रिक





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में आज की दिन भारत के लिए सुपर संडे साबित हो रहा है. ओलंपिक के मैदान में भारत के स्टार खिलाडि.यों ने जीत की हैट्रिक लगायी. बॉक्सर मैरीकॉम, बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु और टेबिल टेनिस की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा ने अपने -अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की. बता दें कि शनिवार को वेटलिफ्टिर मीराबाई चानू ने भारत को पहला मेडल दिलाया, जिसके बाद आज भारती की स्टार खिलाडि.यों ने जीत की हैट्रिक लगा कर मेडल की आस बढ़ा दी है।

रविवार को भारत के लिए पहली खुशखबरी भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू लेकर आयी. पीवी सिंधू ने इजरायल की सेनिया पोलिकारपोव के खिलाफ सीधे गेम में मात दे दी. भारतीय बैडमिंटन स्टार ने इजरायल की सेनिया पोलिकारपोवा को 21-7 और 21-10 से मात दी, यहीं नहीं सिंधु ने ये गेम मात्र 29 मिनट में अपने नाम किया. दुनिया की 7वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना अब हांगकांग की चियुंग एंगान यि से होगा जो विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं.

वहीं दिन की दूसरी खुशखबरी टेबिल टेनिस की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा लेकर आयीं. मनिका बत्रा ने यूक्रेन की मार्गरीटा पेसोत्स्का को एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया. शुरूआती दो सेट हारने के बाद मनिका ने शानदार वापसी की और अंत के दोनों सेट जीता. वहीं यूक्रेन की खिलाड़ी ने फिर पांचवां गेम जीता लेकिन मनिका ने फिर छठा गेम जीतकर स्कोर 3-3 से बराबर किया था. सातवें गेम में मनिका ने जीत हासिल कर तीसरे दौर में प्रवेश किया. मनिका ने टोक्यो में लगातार दूसरी जीत अपने नाम की है। भारत की स्टार बॉक्सर मैरीकॉम ने टोक्यो में अपनी शुरूआत जीत के साथ की. 51 किग्रा के शुरुआती राउंड 32 मुकाबले में उनका सामना हर्नांडिज गासिन्या (डोमिनिका गणराज्य) से हुआ. मैरीकॉम ने इस मैच को 4-1 से आसानी से अपनी नाम किया. राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में 6 बार की वर्ल्ड चैंपियन जीत के साथ ही अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है. इसी के साथ मैरीकॉम के मुक्के ने टोक्यो की रिंग में भारत के लिए मेडल की आस जगा दी है।



## ओसाका ने जीत से की शुरुआत, बार्टी पहले दौर में हारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान की टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने लगभग दो महीने बाद अपना पहला मैच खेलते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ऐश बार्टी उलटफेर का शिकार हो गयी। ओसाका ने रविवार को चीन की 52वीं रैंकिंग की झेंग साइसाइ को 6-1, 6-4 से हराया। ओसाका अवसाद के कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेल पायी थी लेकिन ओलंपिक कुंड (कॉल्ड्रन) प्रज्ज्वलित करने वाली इस खिलाड़ी ने इस खेल महासमर में अच्छी वापसी की। ओसाका का अगला मुकाबला 50वी रैंकिंग की स्विस खिलाड़ी विक्टोरिया गुलबिच से होगा। टोक्यो खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में कुछ शीर्ष खिलाडि.यों के लिये हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। शीर्ष रैंकिंग की बार्टी को स्पेन की 48वीं रैंकिंग की सारा सारिबेस टोमी ने 6-4, 6-3 से उलटफेर का शिकार बनाया जबकि दो बार के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पुरुष एकल से हट गये। ये दोनों हालांकि युगल स्पर्धा में बने हुए हैं। मरे अपने जोड़ीदार जो सेलिसबरी के साथ मिलकर युगल में हालांकि खेलते रहेंगे। मर्रे और सेलिसबरी ने शनिवार को फ्रांस के पियरे ह्यूज हरबर्ट और निकोलस माहूट को 6-3, 6-2 से हराया था। मरे के नाम पर कुल तीन ओलंपिक पदक हैं। उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में लॉरा राबसन के साथ मिश्रित युगल का रजत पदक भी जीता था। अब अलियासामी के खिलाफ आस्ट्रेलिया के मैक्स पुरसेल खेलेंगे। विंबलडन की फाइनलिस्ट चेक गणराज्य की कारोलिना पिलिस्कोवा भी आगे बढ़ गयी हैं।



## भारत की अकेली जिम्नास्ट प्रणति नायक फाइनल में जगह बनाने से चूकीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में भारत की अकेली जिमनस्ट प्रणति नायक कलात्मक जिमनस्टिक स्पर्धा के आल राउंड फाइनल्स में जगह बनाने में असफल रही। पश्चिम बंगाल की 26 वर्ष की नायक ने चार वर्गों (फ्लोर एक्सरसाइज, वॉल्ट, अनइवन बार और बैलेंस बीम) में कुल 42.565 अंक हासिल किए।

वह दूसरे सब डिविजन के बाद 29वें स्थान पर रही। पांच सब डिविजन से शीर्ष 24 जिमनस्ट आल राउंड फाइनल में जगह बनाते हैं जो 29 जुलाई को होगा। हर वर्ग के शीर्ष आठ जिमनस्ट व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में खेलेंगे जो एक से तीन अगस्त तक होगी। नायक सभी में निचले हाफ में रही। उन्होंने फ्लोर में 10.633 स्कोर किया जबकि वॉल्ट में उनका स्कोर 13.466 रहा। अनइवन बार में 3.033 और बैलेंस बीम में स्कोर 9.433 रहा। नायक को ओलंपिक की तैयारी के लिये समय ही नहीं मिला क्योंकि चीन में 29 मई से एक जून तक होने वाली नौवीं सीनियर एशियाई चैम्पियनशिन रद्द होने के बाद उन्हें महाद्वीपीय कोटे से प्रवेश मिला था। उन्होंने 2019 एशियाई कलात्मक जिमनस्टिक चैम्पियनशिप में वॉल्ट में कांस्य जीता था।

### ब्रिटेन की उम्मीदों को लगा झटका, मौजूदा चैम्पियन एंडी मरे ओलंपिक से हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन के दो बार के मौजूदा चैंपियन एंडी मरे दाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रविवार को टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के मेंस सिंगल इवेंट से हट गए। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने सेंटर कोर्ट पर कनाडा के नौवीं सीड फेलिक्स आगुर अलियासामी के खिलाफ मैच से पूर्व यह फैसला किया। मरे अपने जोड़ीदार जो सेलिसबरी के साथ मिलकर युगल में हालांकि खेलते रहेंगे।

मरे और सेलिसबरी ने शनिवार को फ्रांस के पियरे ह्यूज हरबर्ट और निकोलस माहूट को 6-3, 6-2 से हराया था। मरे ने कहा, ' मैं सिंगल से हटने पर वास्तव में निराश हूं। लेकिन मेडिकल टीम ने मुझे दोनों स्पर्धाओं में से किसी एक में ही भाग लेने की सलाह दी थी। इसलिए मैंने सिंगल से हटने का मुश्किल फैसला किया। अब मेरा पूरा ध्यान डबल्स पर रहेगा।

भारतीय नारी सब पर भारी

# पहलवान प्रिया मलिक ने रचा इतिहास, कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मीराबाई चानू द्वारा कल टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक जीतने के ठीक एक दिन बाद एक महिला के देश का नाम रोशन करने की खुशखबरी आई है. पहलवान प्रिया मलिक ने हंगरी में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को गौरवान्वित किया है. भारतीय रेसलर प्रिया मलिक (ईर्र्ह ईैत्ग्त) ने इंटरनेशनल लेवल भारत का नाम रोशन किया है। प्रिया ने वर्ल्ड कैडेट कुश्ती चैंपियनशिप में बेलारूस की पहलवान को 5-0 से पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया. प्रिया 2019 में पुणे में खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक, 2019 में दिल्ली में 17वीं स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक और 2020 में पटना में नेशनल कैडेट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं. प्रिया मलिक की सफलता ने भी देश को गर्व करने का मौका दिया है. प्रिया की इस सफलता पर ट्विटर पर उनको बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा है।

बता दें कि एक दिन पहले भारत की एक और बेटी मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलंपिक के वेटलिफ्टिंग इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था. जीत के बाद चानू ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं पिछले पांच वर्षों से यह सपना देख रही थी. इस समय मुझे खुद पर गर्व महसूस हो रहा है. मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा है. मैं यह मेडल अपने देश और देश के करोड़ों लोगों को डेडिकेट करती हूं. मैंने स्वर्ण पदक की कोशिश की, लेकिन रजत पदक भी मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय हॉकी मेंस टीम को 7-1 से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत से आगाज करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम को टोक्यो ओलंपिक खेलों के ग्रुप ए के दूसरे मैच में रविवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया से 1-7 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर में सुधार के संकेत दिए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके ड्रैग फ्लिकर पंगु नजर आये। ऑस्ट्रेलिया ने पहले हॉफ में ही 4-0 की बढ़त हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित कर ली थी। भारतीयों ने दूसरे हॉफ के शुरू में कुछ दम दिखाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शुरू में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी करना आसान नहीं था। भारतीय खिलाडि.यों ने हडबड़ाहट भी दिखाई जिसका फायदा ऑस्ट्रेलिया को ही मिला।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डेनियल बील (10वें), जेरेमी हेवार्ड (21वें), फ्लिन ओगलीवी (23वें), जोशुआ बेल्ट्ज (26वें), ब्लैक गोवर्स (40वें और 42वें) और टिम ब्रांड (51वें मिनट) ने गोल किए। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने 34वें मिनट में एकमात्र गोल किया। भारत अपना अगला मैच 27 जुलाई को स्पेन के खिलाफ खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। इसका अंदाजा



इससे लगाया जा सकता है कि पहले हॉफ में ही उसने 11 शॉट गोल पर मारे जिसमें उसने चार को गोल में बदला। भारत इस बीच तीन शॉट ही आस्ट्रेलियाई गोल पर मार पाया लेकिन उसे उसमें कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच यदि गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने दो खूबसूरत बचाव नहीं किए होते तो भारत की स्थिति और बदतर होती।

बढ़त बनाने का पहला मौका भारत को मिला था लेकिन पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह का शॉट थोडा ऊंचा रहा और इस तरह से टीम के हाथ से स्वर्णिम अवसर चला गया।

इसके बाद भी टीम ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन किसी भी समय उन्हें गोल में बदलने की वैसी झलक नहीं दिखी जो न्यूजीलैंड के खिलाफ दिखी थी। उधर ऑस्ट्रेलिया ने जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और बील ने जैक वेटन के करारे शॉट को बड़ी चालाकी से गोल में पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया पहले क्वार्टर के बाद 1-0 से आगे था। भारत के पास वापसी का मौका था लेकिन रूपिंदरपाल सिंह पेनल्टी लेते समय लय में नहीं दिखे जबकि ललित उपाध्याय एक अवसर पर अकेले आस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति में सेंध नहीं लगा सके। इस दौरान भारतीय स्ट्राइकरों के बीच आपसी तालमेल का अभाव भी देखने को मिला। भारतीय टीम इसके बाद बिखरी हुई सी नजर आई तथा मध्यपंक्ति और अग्रिम पंक्ति में तालमेल कतई नहीं दिखा। रक्षापंक्ति में सेंध लगाना ऑस्ट्रेलिया के लिएआसान रहा और उसने इसका फायदा उठाकर छह मिनट के अंदर तीन गोल कर दिए।



## पृथ्वी शॉ ने डेब्यू मैच में किया निराश, बिना खाता खोले हुए आउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मैच कोलंबो में खेला जा रहा है। इस मैच में भारत की तरफ से दो खिलाडि.यों को अपना टी-20 डेब्यू करने का मौका मिला है। वे खिलाड़ी हैं, सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती। टॉस जीत कर श्रीलंका ने पहले गेंदबाजी करने का निणर्य लिया है। भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा की शानदार गेंद का शिकार हो गए।

## आकाश चोपड़ा ने बताया, डेब्यू में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद इस खिलाड़ी को क्यों नहीं मिलेगी टी-20 वर्ल्ड कप में जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम इनमें दिनों श्रीलंका में है। शिखर धवन की कप्तानी वाली इस भारतीय टीम ने वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमाया। आखिरी मुकाबले में भारत की तरफ से 5 खिलाडि.यों ने अपना वनडे डेब्यू किया। इनमें संजू सैमसन, राहुल चाहर, नीतीश राणा, कृष्णाप्पा गौतम और चेतन सकारिया का नाम शामिल है। इन नामों में एक नाम जो सबसे ज्यादा चर्चित रहा है वो है चेतन सकारिया का। उन्हें आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला और अब उनका वनडे डेब्यू भी हो गया है। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप टीम में भी लेने की बात



चल रही है। चूंकि चेतन बाएं हाथ के गेंदबाज हैं और उनके रूप में भारत के पास एक विकल्प और आ गया है।

भारतीय टीम को एक बाएं हाथ के गेंदबाज की तलाश थी। तीसरे वनडे में चेतन ने अच्छी गेंदबाजी की और 2 विकेट निकाले। उनके इस प्रदर्शन से यह बात हो रही है कि उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से खेलने का मौका मिल सकता है। इस मुद्दे पर भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने अपनी राय रखी है, उन्होंने कहा है कि चेतन साकरिया को अभी वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए आकाश ने कहा, 'उनका बाएं हाथ का गेंदबाज होना एक फायदा हो सकता है लेकिन हमें संतुलित तरीके से हर चीज का विश्लेषण करना चाहिए।

### पृथ्वी शॉ और वरुण चक्रवर्ती ने किया टी-20 इटरनेशनल में डेब्यू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को कोलंबो के मैदान पर खेला जा रहा है। टी-20 सीरीज में दो नए खिलाडि.यों को मौका दिया गया है। शानदार फॉर्म में चल रहे पृथ्वी शॉ और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी-20 डेब्यू का मौका मिला है। पृथ्वी ने विजय हजारे ट्रॉफी में जो लय पकड़ी थी उसे आईपीएल और श्रीलंका के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में भी जारी रखा था। उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में रिकॉर्ड 827 रन बनाए थे। आईपीएल में भी उनका फॉर्म जारी रहा और उन्होंने खेले 8 मैचों में 308 रन बनाए थे। इसी आईपीएल में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज शिवम मावी के एक ओवर में 6 चौके लगाए थे। श्रीलंका दौरे पर भी उनका बल्ला जमकर बोला, पहले वनडे में उन्होंने आतिशी पारी खेलते हुए 43 रन बनाए थे। इस सीरीज में पृथ्वी ने कुल 105 रन बनाए हैं। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले वरुण चक्रवर्ती ने आईपीएल 2020 और 2021 में अपने खेल से सभी प्रभावित किया था। उन्हें मिस्ट्री स्पिनर कहा जाता है। उनके बारे में कहा जाता है कि वे 8 अलग-अलग तरह से गेंद कर सकते हैं।

## टी-20 से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, कप्तान आरोन फिंच विंडीज सीरीज से हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज के हाथों चार विकेट से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को रविवार को उस समय एक और बड़ा झटका लगा, जब? उसके लिमिटेड ओवरों की टीम के कप्तान आरोन फिंच घुटने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के साथ जारी वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले और फिर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए।

फिंच को वेस्टइंडीज के दौरे पर टी20 सीरीज के दौरान घुटने में चोट लगी थी, जिससे वे अब तक



उबर नहीं पाए हैं। फिंच पहले वनडे में खेले थे, लेकिन दूसरे वनडे में वह टीम का हिस्सा नहीं थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की रिपोर्ट के मुताबिक, फिंच अब बांग्लादेश दौरे पर होने वाली टी20 सीरीज में भी टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। उन्होंने कहा, ' स्वदेश लौटने को लेकर मैं बहुत निराश हूं। अगर जरूरत पड़ी तो मेरी सर्जरी होगी और फिर मैं विश्व कप तक ?रिकवरी कर सकता हूं।

# भले ही 100 साल सत्ता न मिले, कांग्रेस भाजपा जैसा कभी नहीं बनेगीः सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में सलमान खुर्शीद का एक बयान काफी चर्चित हुआ था। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या बिल का ड्राफ्ट पेश होने के बाद उन्होंने कहा था कि पहले सरकार के मंत्री बताएं कि उनके कितनी संतान हैं। खुर्शीद इतने पर ही नहीं रुके बल्कि उन्होंने यह तक कह डाला था कि जायज और नाजायज औलादों की भी गिनती होनी चाहिए। अब उनका कहना है कि उन्होंने यह बयान लोगों का ध्यान खींचने के लिए दिया था। सलमान खुर्शीद हिंदुस्तान टाइम्स के कार्यक्रम 'द इंटरव्यू' में कुमकुम चड??ढा के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पेगासस जासूसी, कांग्रेस के भविष्य और जनसंख्या नियंत्रण बिल समेत कई अन्य मुद्दों पर अपनी राय रखी। वहीं एक सवाल के जवाब में सलमान ने कहाकि भले ही 100 साल तक सत्ता न मिले, कांग्रेस भाजपा जैसा कभी नहीं बनेगी। पेश हैं उनके इंटरव्यू की कुछ खास अंश.



सलमान खुर्शीद ने कहाकि पेगासस के जरिए जासूसी का मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने कहाकि इस मामले में अभी कई परत खुलनी बाकी है। फिलहाल तो हम सिर्फ इसकी सतह पर ही हैं। उन्होंने कहाकि इस मामले में बेहद गंभीरता के साथ जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि पेगासस जासूसी का मामने सामने आने के बाद सरकार के ऊपर कई आरोप लग रहे हैं। इस सॉफ्टवेयर के जरिए कई बड़े राजनीतिज्ञों और पत्रकारों की जासूसी की बात सामने आई है।

सलमान खुर्शीद ने कहाकि ऐसा कभी नहीं हो सकता। हम कभी ऐसा नहीं चाहेंगे, आइडियोलॉजी के आधार पर भी ऐसा नहीं है। उन्होंने कहाकि भले ही हमें अगले 100 साल तक हमें सत्ता में आने का मौका न मिले, लेकिन हम भाजपा जैसा नहीं बनेंगे। हालांकि सलमान ने यह जरूर कहाकि भाजपा में कुछ चीजें हैं, जिनसे प्रेरणा ली जा सकती है। उन्होंने कहाकि भाजपा अगर ऐसी भी जगह जाती है जहां उसने कभी जीत नहीं हासिल की है तो भी वह कहती है इस बार जीतना है। हम भाजपा जितने महत्वाकांक्षी तो नहीं हो सकते, लेकिन हां उतनी मात्रा में सकारात्मक तो हो सकते हैं।

सलमान खुर्शीद ने इस दौरान कैबिनेट में हुए हालिया परिवर्तन पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहाकि अचानक से कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाना कई सवाल खड़े करता है। वो सभी सरकार के फ्रंटलाइन मंत्री थे। किसी अन्य की तुलना में उनका प्रदर्शन अच्छा या खराब नहीं कहा जा सकता। इस तरह अचानक हटा दिए जाने से उन्हें भी हैरानी हुई होगी। खुर्शीद ने कहा, ङ्कऐसा भी नहीं है कि उन्हें संगठन से जुड़ा कोई काम सौंपा जाना था। या उन्हें इससे बड़ी कोई जिम्मेदारी दी जानी थी। लेकिन उन्हें सब्जी-भाजी की तरह से हटा दिया गयाकि लोग किसी के लिए भी बुरा महसूस कर सकते हैं। अमित शाह को लेकर उन्होंने कहाकि राजनीति करने का उनका तरीका बेहद अलग है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। जाहिर सी बात है कि ऊपर से लेकर नीचे तक उनका समर्थन करने वाले हैं।

## 28 प्रतिशत भारतीयों की अगस्त-सितंबर के बीच यात्रा की योजना, कोविड की तीसरी लहर का खतरा बढ़ना तयः रिपोर्ट



**मुंबई (एजेंसी)।** देश में 28 प्रतिशत भारतीय इस वर्ष अगस्त-सितंबर के बीच यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोविड-19 की तीसरी लहर का खतरा बढ़ना तय है। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लोकलसर्कल्स ने एक बयान में कहा कि 12 अप्रैल के उसके सर्वेक्षण में कोविड-19 की दूसरी लहर के खतरे के प्रति आगाह करते हुए सरकारों को यात्रा प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया गया था।उसने कहा कि कोविड की संभावित तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जोखिम का अनुमान लगाने और आने वाले महीनों के लिए लोगों की यात्रा योजनाओं को समझने के लिए उसने एक और सर्वेक्षण किया। इसमें लोगों से उनकी यात्रा का कारण भी पूछा गया।

इस सर्वेक्षण में 311 जिलों के 18,000 लोगों ने भाग लिया, जिसमें से 68 प्रतिशत पुरुष और शेष महिलाएं शामिल रहीं। लोकलसर्कल्स ने बताया कि 28 प्रतिशत नागरिक अगस्त-सितम्बर के दौरान यात्रा की योजना बना रहे हैं। हालांकि इनमें से केवल पांच प्रतिशत लोगों ने बुकिंग की है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की दूसरी भीषण लहर के दौरान कई लोगों को गमियों के लिए अपनी यात्रा योजना रद्द करनी पड़ी थी, जिसके बाद लोग अब यात्रा की योजना बना रहे हैं।

## खेला होबेः ममता के दिल्ली दौरे से पहले ऊश्ण-कांग्रेस ने दिखाई 'दोस्ती'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ममता बनर्जी के दिल्ली दौरे से पहले तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ने एक साथ मिलकर केंद्र पर हमला बोला है। दरअसल ममता बनर्जी की नी दिल्ली यात्रा से एक दिन पहले कांग्रेस ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें उसने पेगासस जासूसी



के मुद्दे को लेकर केंद्र को घेरने के लिए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की तस्वीर का सहारा लिया है। जैसे ही कांग्रेस ने अभिषेकक बनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल किया टीएमसी ने तुरंत 'खेला होबे' हैश टैग के साथ ट्वीट को रिट्विट कर दिया।

ट्वीट को लेकर टीएमसी और कांग्रेस के बीच यह दोस्ती ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा से एक दिन पहले देखने को मिला है। ममता बनर्जी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित कुछ विपक्षी नेताओं से दिल्ली में मुलाकात करने वाली हैं। ममता बनर्जी के इस मुलाकात को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जहां तक 'खेला होबे' स्लोगन की बात है तो इस साल हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है। जब बीजेपी नेताओं ने बनर्जी और उनकी पार्टी पर पलटवार करने के लिए इस स्लोगन का इस्तेमाल किया था।

बनर्जी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से भी मिलने वाली हैं, भाजपा का मुकाबला करने के लिए एकजुट विपक्ष को आकार देने की इच्छुक हैं।

कर्नाटक में राजनीतिक संकट खत्म?

# बीजेपी चीफ ने बांधे सीएम येदियुरप्पा की तारीफों के पुल

**पणजी (एजेंसी)।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को इस दक्षिणी राज्य में किसी राजनीतिक संकट से इनकार किया और कहा कि मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने अच्छा काम किया है। नड्डा का बयान इस मायने से अहम है कि कुछ ही घंटे पहले पद पर बने रहे के संदर्भ में कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा था कि आज शाम तक उन्हें भाजपा आलाकमान से निर्देश मिल जाएगा और फिर वह उपयुक्त फैसला लेंगे।

कर्नाटक में राजनीतिक संकट के सवाल में भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'येदियुरप्पा ने अच्छा काम किया है। कर्नाटक अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। येदियुरप्पा अपने तरीके से चीजें संभाल रहे हैं।' जब उनसे सवाल किया गया कि क्या इस दक्षिणी राज्य में कोई राजनीतिक संकट है तो उन्होंने कहा, 'यह आप महसूस करते हैं, हम ऐसा महसूस नहीं करते।' इससे पहले बेलगावी



में जब येदियुरप्पा से सवाल किया गया था कि क्या दिल्ली से आलाकमान का निर्देश आज आने की उम्मीद है तो उन्होंने कहा, 'शाम तक आ जाएगा तो आपको भी उसके बारे में पता चल जाएगा, निर्देश आ जाए, फिर मैं उपयुक्त निणर्य लूंगा।'

इस दौरान उन्होंने पेगासस जासूसी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया और यह कहते हुए विपक्ष पर निशाना साधा कि उसके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। गोवा की अपनी दो दिवसीय यात्रा के आखिर में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा अगले साल के प्रारंभ में होने वाला गोवा विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में लड़ेगी लेकिन औपचारिक फैसला पार्टी का संसदीय बोर्ड करेगा।

पेगासस जासूसी विवाद पर पूछे गये एक सवाल का जवाब देते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा , ''यह बेबुनियाद है.. यह कोई मुद्दा ही नहीं है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा ही नहीं है जिसे वे लोगों की खातिर उठा सकें। इसलिए वे इस प्रकार का मुद्दा उठाते हैं।' पिछले रविवार को एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया गठबंधन ने खबर दी थी कि 300 से अधिक असत्यापित भारतीय मोबाइल फोन नंबरों को इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस स्पाईवेयर के मार्फत हैकिंग के लिए निशाना बनाया गया, इन नंबरों में दो मंत्रियों, 40 से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी दलों एवं बहुत सारे उद्योगपतियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के नंबर शामिल हैं। हालांकि, सरकार इस मामले में विपक्ष के सभी आरोपों से इनकार कर रही है।

संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित किये जाने के बारे में पूछे गये प्रशन का उत्तर देते हुए नड्डा ने कहा, 'हम सभी प्रकार की चर्चाओं के लिए तैयार हैं, लेकिन अन्य विपक्षी पाटि्यों के साथ कांग्रेस निराश एवं मुद्दाविहीन हो गयी है, इसलिए वह बाधित करने की ऐसी तरकीब अपनाती है ... उसे मालूम ही नहीं है कि क्या किया जाए। वह बस मुद्दाविहीन चीजों को लेकर संसद का कामकाज रोकना चाहती है।'

## तेलंगानाः 13वीं शताब्दी के रामप्पा मंदिर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना के वारंगल के पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता दी है। यह जानकारी संस्कृति मंत्रालय ने रविवार को दी। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि यूनेस्को ने तेलंगाना के वारंगल के पालमपेट में स्थित रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता दी है। उन्होंने कहा, राष्ट्र, खासकर, तेलंगाना के लोगों की ओर से, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। रामप्पा मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी में किया गया था और इसका नाम इसके शिल्पकार रामप्पा के नाम पर रखा गया है। सरकार ने 2019 के लिए यूनेस्को को इसे विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता देने का प्रस्ताव दिया था।

# हिमाचल भूस्खलनः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान, हादसे में कुल 9 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के किननैर में भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति रविवार को शोक जताया और मृतकों के परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, 'हिमाचल प्रदेश के किननैर में भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुर्घटना में घायल हुए लोगों के इलाज की पूरी व्यवस्था की जा रही है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'



एक अन्य ट्वीट में पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। किननैर जिले में रविवार को भूस्खलन की कई घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। वहीं, हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से भी मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकरे ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि आज किननैर में भूस्खलन के दुखद हादसे में 9 लोगों की मृत्यु हुई है और 3 लोग घायल हुए हैं। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे और घायलों के इलाज़ के लिए हर तरह की संभव मदद की जाएगी।

बता दें कि रविवार को प्रदेश के किननैर जिले में सांगला-छितकुल राजमार्ग पर आज अपराहन एक टैम्पो ट्रेवलर के पहाड़ से हुये भूस्खलन की चपेट में आने से इसमें सवार कम से कम नौ पर्यटकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक एस.आर. राणा ने बताया कि हादसा पटसेरी क्षेत्र के गुंसा के निकट हुआ।

## जर्मनीः टीका नहीं लगवाने वाले लोगों को पाबंदियों का सामना करने की चेतावनी

**बर्लिन (एजेंसी)।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल के चीफ ऑफ स्टाफ हेल्गे ब्राउन ने कहा कि अगर आगामी महीनों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं तो टीका न लगवाने वाले लोगों के लिए पाबंदियां अनिवार्य हो सकती है। ब्राउन ने अखबार 'बिल्ड एम सोनटैग को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि जर्मनी में कोरोना वायरस के संबंध में और कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा।उन्होंने कहा कि टीका न लगवाने वाले लोगों को रेस्त्रां, सिनेमाघरों और स्टेडियमों में प्रवेश करने से रोका जा सकता है क्योंकि उनके रहने से संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होगा। उन्होंने कहा कि टीका लगवाना गंभीर बीमारी से रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और टीका लगवा चुके लोगों के पास निश्चित तौर पर टीका नहीं लगवाने वाले लोगों के मुकाबले अधिक आजादी होगी।

## खट्टर के मंदिर विवाद में पूर्व पार्षद समेत कई लोगों पर एफआईआर, नगर परिषद ने तोड़ दिया था मंदिर

**भिवानी (एजेंसी)।** हरियाणा के भिवानी जिले के नारनौल शहर के पास खालड़ा की पहाड़ी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टरी का मंदिर बनाने के मामले में पूर्व पार्षद समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शनिवार को नगर परिषद द्वारा मंदिर तोड़े जाने के बाद आरोपियों ने दोबारा से इसका निर्माण शुरू कर दिया था। गौरतलब है कि नारनौल की रघुनाथपुरा की पहाड़ी पर नगर परिषद की जमीन है और इस जमीन पर कई परिवारों ने अवैध रूप से घर बनाए हुए थे, 13 जून को नगर परिषद ने इन मकानों को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन हाल ही में लोगों ने यहां एक चबूतरा बनाकर उस पर मुख्यमंत्री की फोटो लगा दी, जिसके सामने लोग सुबह-शाम दीपक जलाते थे।



नगर परिषद के सूत्र ने बताया कि शनिवार को परिषद ने इस चबूतरे को तोड़ दिया था, लेकिन देर शाम फिर से वहां निर्माण कार्य शुरू होने लगा तो इसकी जानकारी मिलते ही नगर परिषद के एक अधिकारी अभय यादव मौके पर पहुंचे।

उनका आरोप है कि पूर्व पार्षद प्रमोद तेरडि़या काफी लोगों के साथ वहां पहले से खड़े थे, जिन्होंने नगर परिषद की कार्रवाई के विरोध में पहले नारेबाजी की और फिर आत्मदाह की धमकी देकर हंगामा शुरू कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम व डीएसपी भी मौके पर पहुंच गए थे। दोनों अधिकारियों के आने के बाद भी स्थानीय लोगों द्वारा काफी हंगामा किया गया। इसके बाद नगर परिषद ने इसकी शिकायत शहर थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने पूर्व पार्षद प्रमोद तेरडि़या, मिस्री दिनेश और चार अन्य लोगों के खिलाफ धारा 147, 149, 186, 353, 447, 511 के तहत केस दर्ज किया है। बताया गया है कि जिस जगह मंदिर बनाया गया था वह विवादित है और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में यह मामला विचाराधीन है। मंदिर को तोड़ने के बाद परिषद के अधिकारियों ने वहां रखी मुख्यमंत्री खट्टर की फोटो को भी अपने कब्जे में ले लिया था।

कौन गिराना चाहता है नेपाल में सरकार? प्रचंड बोले-

# सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार पैदा करने के प्रयास

**काठमांडू (एजेंसी)।** सीपीएन-माओवादी सेंटर के प्रमुख पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने दावा किया है कि विरोधियों द्वारा, नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन पांच दलों का यह गठबंधन ''अटूट'' है। 'हिमालयन टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, शनिवार को एक कार्यक्रम में प्रचंड ने कहा कि प्रतिगामी ताकतों के बुरे मंसूबों को तभी रोका जा सकता है, जब सीपीएन-एमसी, कम्युनिस्ट आंदोलन, उत्पीडि़त समूह और समुदाय एकजुट रहें।



सीपीएन-यूएमएल के असंतुष्ट नेता माधव कुमार नेपाल से शनिवार को मुलाकात करने वाले प्रचंड के हवाले से खबर में कहा गया, ''विपक्षी मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन या इंडो-पैसिफिक स्ट्रैटेजी या ट्रांजिशनल जस्टिस के मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि पांच-पक्षीय गठबंधन में दरार पैदा हो सके। गठबंधन को ''अटूट'' करार देते हुए प्रचंड ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन अपदस्थ प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के निरंकुश कदमों पर रोक लगाने में सक्षम है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चुनाव के दौरान जमकर हिंसा, दो लोगों की मौत, पांच पुलिसकमिर्यों की पिटाई, भारत ने किया था विरोध

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विधानसभा के लिए रविवार को मतदान हुआ। इस दौरान चुनाव में गड़बड़ी और हिंसा के आरोप लगे, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के दो कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों में शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति दी गई। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ जोकि शाम पांच बजे तक जारी रहा। मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू होगी।भारत ने इससे पहले गिलगित-बाल्तिस्तान में चुनाव कराने के पाकिस्तान के फैसले का विरोध किया था और कहा था कि सैन्य कब्जे वाले क्षेत्र की स्थिति को बदलने के कार्य का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कोटली जिले के चारहोई इलाके में एक मतदान केंद्र पर पाकिस्तान



तहरीक-ए-इंसाफ और पीपीपी के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में पीटीआई के कम से कम दो कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। पुलिस के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि अज्ञात लोगों ने दो कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य घटना में झेलम घाटी जिले में एक मतदान केंद्र पर जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।क्षेत्रीय चुनाव आयुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अब्दुल राशिद सुलेहरिया ने कोटली में हुई हत्या की वारदात की निंदा की और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, कई अन्य विधानसभा सीटों में भी हिंसा के चलते मतदान अस्थायी तौर पर स्थगित करना पड़ा। हिंसा की इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं और कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

इस बीच, पीपीपी कार्यकर्ताओं ने पीटीआई कार्यकर्ताओं पर मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया। पीएमएल (एन) की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता मजबूती से डटकर 'वोट के चोरों' को बेनकाब कर रहे हैं। वहीं, पीएमएल (एन) की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने ट्वीट कर कई विधानसभा सीटों में मतदान के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाया।

पीओके विधानसभा में कुल 53 सदस्य हैं लेकिन इनमें से केवल 45 को सीधे निर्वाचित किया जा सकता है। इनमें पांच सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और तीन विज्ञान विशेषज्ञों के लिए हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच कड़ा त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। पीटीआई ने सभी 45 निर्वाचित क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि पीएमएल-एन और पीपीपी ने 44 सीटों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं।